अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 45 लखनऊ, गुरुवार, 28 अगस्त 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा पर मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के गढ़िचरौली-नारायणपुर सीमा के पास महाराष्ट्र के गढ़िचरौली में बुधवार को नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच 8 घंटे तक चली मुठभेड़ में जवानों ने 3 महिला और एक पुरुष नक्सली को ढेर कर दिया। सुरक्षाबलों ने सर्चिंग के दौरान तीन महिला और एक पुरुष नक्सली के शव बरामद कर लिए हैं। वहीं मौके से एसएलआर, इंसास सहित चार हथियार भी बरामद किए गए हैं। गढ़िचरौली के अपर पुलिस अधिक्षक एम. रमेश ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को गट्टा दलम, कंपनी नंबर 10 और गढ़िचरौली डिवीजन के नक्सलियों की कोपरशी वन क्षेत्र (गढ़िचरौली-नारायणपुर सीमा) में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद तलाशी अभियान के लिए गढ़िचरौली पुलिस की सी-60 यूनिट और सीआरपीएफ की क्यूआरटी टीम रवाना की गई।

### कटरा भूस्खलन में 32 मृतकों के परिवारों को 9-9 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान

जम्मू। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कटरा में हुए भूस्खलन की घटना के 32 मृतकों के परिवारों को 9-9 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से बात की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तत्परता से राहत और बचाव कार्यों में लगा हुआ है। उपराज्यपाल ने आज कटरा स्थित एसएमवीडी नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल जाकर भूस्खलन में घायल हुए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि श्राइन बोर्ड की नीति के अनुसार 5 लाख रुपये दिए जाते हैं और आपदा प्रबंधन विभाग भी मृतकों के परिवारों को 4 लाख रुपये प्रदान करेगा।

# बेईमान राजनीतिक दलों ने यूपी को बनाया था बीमारू राज्य : मुख्यमंत्री

## योगी ने नवचयनित 2425 मुख्य सेविकाओं, 13 फार्मासिस्टों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- बोले सीएम योगी- पहले जहां योजनाएं नहीं पहुंच पाती थीं, आज वहां तक नौकरी पहुंच रही है

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं था, बल्कि बेईमान राजनीतिक दलों ने इसे बीमारू राज्य बना दिया था। भ्रष्टाचार और बंदरबांट की राजनीति ने इस समृद्ध प्रदेश को पहचान के संकट में धकेल दिया था। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले नियुक्तियों में बंदरबांट होती थी, योग्य अभ्यर्थी भेदभाव और भ्रष्टाचार के शिकार होते थे। उन्होंने कहा कि 1947 के बाद 1960 तक यूपी देश का अग्रणी प्रदेश था, जिसका योगदान 14% से अधिक था। लेकिन 1960 के बाद गिरावट शुरू हुई और 1990 के बाद यह और तेज हो गई। 2017 तक यूपी का योगदान 8% से भी कम हो गया। सीएम योगी बुधवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान खाद्यान्न उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश में यूपी पिछड़ता गया। नौजवान यूपी से बाहर जाते थे, लेकिन वहां भी पहचान का संकट झेलते थे। यह दंगों और परिवारवादी राजनीति का परिणाम था, जिसने यूपी को लूट का अड्डा बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग के तत्वाधान में नवचयनित मुख्य सेविकाओं और फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश भर की बेटियों के लिए अवसर है।

## पीएम स्वनिधि योजना की ऋण अवधि के पुनर्गठन और विस्तार को मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना' की ऋण अवधि के पुनर्गठन और विस्तार को मंज़ूरी दी है। ऋण अवधि अब पिछले वर्ष 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च 2030 कर दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को आज मंजूरी दी। इस योजना का कुल परिव्यय 7,332 करोड़ रुपये है। पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना है।

एक सरकारी बयान के अनुसार पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और दूसरी किस्त में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा एवं थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं। इस योजना का दायरा वैधानिक शहरों से आगे बढ़कर जनगणना शहरों, अर्ध-शहरी क्षेत्रों आदि तक चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा रहा है। उन्नत ऋण संरचना में पहली किस्त के ऋण को बढ़ाकर 15 हजार रुपये (10 हजार रुपये से) और दूसरी किस्त के ऋण को बढ़ाकर 25 हजार रुपये (20 हजार रुपये से) कर दिया गया है, जबकि तीसरी किस्त 50 हजार रुपये पर अपरिवर्तित रहेगी। यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से रेहड़ी-पटरी वालों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तुरंत ऋण उपलब्ध होगा।

## अमेरिका के टैरिफ झटके से पश्चिम बंगाल की लेदर, मरीन और इंजीनियरिंग निर्यात पर संकट

एजेंसी




कोलकाता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ ने पश्चिम बंगाल की श्रम-आधारित निर्यात अर्थव्यवस्था को गहरा झटका दिया है। राज्य के लेदर, इंजीनियरिंग और मरीन सेक्टर को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

बुधवार से प्रभावी हुई इन बढ़ी हुई दरों के बाद अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाया जा रहा है। यह कदम भारत की ओर से रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर उठाया गया है। व्यापारिक अनुमान के मुताबिक, इस फैसले से भारत के कम से कम 45 हजार करोड़ के निर्यात प्रभावित होंगे और पश्चिम बंगाल को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस (फाईओ) के पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन योगेश गुप्ता ने कहा कि मरीन निर्यात सबसे अधिक प्रभावित होगा। पश्चिम बंगाल भारत के 12 प्रतिशत समुद्री खाद्य निर्यात में योगदान देता है, जिसमें उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा पूर्व मिदनापुर जिलों की झींगा प्रजातियां प्रमुख हैं।

सीफूड्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ईस्ट) के चेयरमैन राजर्षि बनर्जी के अनुसार, बंगाल से अमेरिका को जाने वाले 5000-6000 करोड़ के समुद्री उत्पाद निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा।

## यूपी में चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले, आकाश कुलहरि झांसी के आईजी बने

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में तबादले की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में बुधवार को चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। पुलिस विभाग की ओर से जारी सूची के मुताबिक, आईपीएस विजय शंकर मीना को अपर पुलिस महानिदेशक विशेष जांच के पद से मुक्त करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक पीटीसी सीतापुर बनाया गया है। आकाश कुलहरि को पुलिस महानिरीक्षक, लोक शिकायत पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र भेजा गया है। केशव चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र से अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और कल्पना सक्सेना को अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद से हटाकर पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मेरठ बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि शासन ने इससे पहले मंगलवार को पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए थे।

## आधुनिक युद्ध अब अंतरिक्ष व साइबरस्पेस तक फैल गए हैं : रक्षा मंत्री

एजेंसी




- लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहे सेनाएं,जीत के लिए प्रौद्योगिकी और रणनीति में महारत जरूरी: राजनाथ

इंदौर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आधुनिक समय में युद्ध की बढ़ती जटिलताओं और अप्रत्याशितता के पीछे प्रौद्योगिकी एवं आश्चर्य के सम्मिश्रण को मुख्य कारण बताते हुए नए नवाचारों तथा अप्रत्याशित चुनौतियों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मौजूदा प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने की भी आवश्यकता जताई है, ताकि समय के साथ आगे रहते हुए चला जा सके। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध अब भूमि, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं रह गए हैं, अब वे अंतरिक्ष व साइबरस्पेस तक फैल गए हैं। उन्होंने कहा कि उपग्रह प्रणालियां, उपग्रह-रोधी हथियार और अंतरिक्ष कमान केंद्र शक्ति के नए साधन हैं। आज हमें सिर्फ रक्षात्मक तैयारी की ही नहीं, बल्कि एक सक्रिय रणनीति की भी आवश्यकता है। भविष्य के युद्ध मात्र हथियारों की लड़ाई से नहीं होंगे; बल्कि वे तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला-जुला रूप होंगे। इससे हमारा राष्ट्र प्रौद्योगिकी, रणनीति एवं अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में निपुण होगा और वह समृद्ध वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। यह इतिहास से सीखने और नया इतिहास लिखने का वक्त है; यह भविष्य का अनुमान लगाने तथा उसे आकार देने का समय है।

रक्षा मंत्री बुधवार को मध्य प्रदेश के डॉ. आंबेडकर नगर (महू) स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध, संघर्ष और युद्ध लड़ने की कला पर आयोजित अपनी तरह के पहले त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब केवल सैनिकों की संख्या या हथियारों के भंडार का आंकड़ा ही पर्याप्त नहीं है, क्योंकि साइबर युद्ध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी भी भविष्य के युद्धों को आकार दे रहे हैं। उन्होंने सटीक निर्देशित हथियारों, वास्तविक समय की खुफिया जानकारी और डेटा-संचालित सूचना को किसी भी युद्ध में सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि जब तक हम एक नवाचार को पूरी तरह समझ पाते हैं, तब तक दूसरा उभर आता है - जो युद्ध की दिशा को पूरी तरह बदल देता है। उन्होंने कहा कि मानवरहित हवाई वाहन, हाइपरसोनिक मिसाइलें, साइबर हमले और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित निर्णय प्रक्रिया ऐसे उपकरणों के उदाहरण हैं, जो आधुनिक समय के संघर्षों में अप्रत्याशित बदलाव ला रहे हैं।

# बिहार के मुसलमान वोटर फिलहाल कंफ्यूज

## ओवैसी अगर विपक्षी गठबंधन में नहीं शामिल हुए तो मुस्लिम मतों का बिखराव तय

अभयानंद शुक्ल, समन्वय सम्पादक

- सीमांचल के मुस्लिम वोटरों ने कहा, हम तो ओवैसी के साथ रहेंगे, वे चाहे जहां रहें
- सीमांचल के मुसलमान ओवैसी के विधायकों की चोरी को लेकर राजद से हैं नाराज
- जन सुराज के पीके की भी नजर मुस्लिम वोटरों पर, कहा-अबकी मुस्लिम हमारे साथ



पटना। बिहार के मुसलमान मतदाता आरजेडी से नाराज है, क्योंकि उसने उसके चार विधायकों को हड़प लिया था, पर उसकी सिंपैथी कांग्रेस से है क्योंकि वह खुद को कांग्रेस का मूल वोटर मानता है। इसके बावजूद उसके दिल में एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी एक नम्बर पर बसते हैं। वैसे कुछ मुसलमान वॉटर नीतीश कुमार को भी ठीक आदमी मानते हैं, पर गलत संगत यानी भाजपा के कारण उनसे नाराज हैं। कुल मिलाकर सीमांचल समेत पूरे बिहार के मुस्लिम मतदाता फिलहाल कंफ्यूज हैं कि वे किसके साथ रहें। वे इस बात का भी इंतजार कर रहे हैं कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी इंडी गठबंधन में शामिल होती है या नहीं, उसका अंतिम निर्णय इसी पर टिका हुआ है। मुस्लिम मतदाता भी चाहता है कि ओवैसी को इंडी गठबंधन में शामिल किया जाए किंतु राजद के चलते ऐसा होता दिख नहीं रहा है। पर एक बात साफ दिख रही है कि ओवैसी चाहे इंडी गठबंधन के साथ रहें या अलग रहकर लड़ें, नुकसान विपक्ष का ही है। अगर ओवैसी साथ होते हैं तो बिहार में मुस्लिम मतों का पोलराइजेशन होगा, और फिर जवाब में हिंदू मतों का भी पोलराइजेशन होगा। और अगर अलग लड़ते हैं तो उससे मुस्लिम मतों का विभाजन होगा। दोनों स्थितियों में फायदा एनडीए को ही होता दिख रहा है। वैसे मुसलमानों के मतों के एक और दावेदार जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी हैं। उनका दावा है कि इस बार मुसलमान उनके साथ हैं, और वे इसी के चलते नंबर गेम में नंबर दो की पोजीशन में रहेंगे। हालांकि अब लगभग दो महीने ही बिहार के चुनाव को हैं, फिर भी पिक्चर साफ होती अभी नहीं दिख रही है, क्योंकि मुस्लिम वोटर अभी कंफ्यूज है।

अब लाख टके का सवाल यह है कि इस बार बिहार का मुस्लिम वोटर किसके साथ है। क्योंकि हर चुनाव में टैक्टिकल वोटिंग करने वाला मुस्लिम वोटर भी इस बार कुछ कन्फ्यूज है। वह ओवैसी को छोड़ना नहीं चाहता लेकिन अपना वोट बर्बाद भी नहीं करना चाहता। उसकी पहली पसंद तो ओवैसी हैं लेकिन वह ये भी कहता है कि ओवैसी अभी इतने मजबूत नहीं हो पाए हैं कि भाजपा को हरा सकें। ऐसे में वह अपना वोट बर्बाद भी नहीं करना चाहता। वह इस इंतजार में है कि किसी तरह ओवैसी की पार्टी इंडी गठबंधन में शामिल हो ताकि ऊहापोह खत्म हो। हालांकि कुछ वोटरों को ये भी डर है कि अगर मुस्लिम वोट पोलराइजेशन हुआ तो हिंदुओं में भी एक्शन का रिएक्शन होगा। और अगर ऐसा हो गया तो इसका लाभ एनडीए को मिल जाएगा। दूसरी ओर जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर भी दावा करते हैं कि इस बार मुसलमान उनके साथ हैं और उनकी पार्टी दूसरे नंबर पर रहेगी। वे दावा करते हैं कि इंडी गठबंधन तीसरे स्थान पर चला जाएगा। उधर सीमांचल के कुछ मुस्लिम वोटर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा को भोंपू और पोंपू की यात्रा करार देते हैं। वैसे मुस्लिम वोटरों में नीतीश कुमार की अच्छी छवि है, पर वक्फ संशोधन कानून का समर्थन कर उन्होंने मुसलमानों की नाराजगी मोल ली है। यानी पिक्चर अभी क्लीयर नहीं है।

बिहार में चुनाव का समय काफी नजदीक आ गया है। और एसआईआर को लेकर उठा वोट चोरी का हंगामा भी इस महीने की आखिर तक शांत हो जाने की उम्मीद है, क्योंकि समय कम होने के कारण सभी चुनाव की तैयारियां करने लग जाएंगे। लेकिन अभी तक मुस्लिम वोटरों का रुझान समझ में नहीं आ रहा है, वह अभी भी ऊहापोह में है। हालांकि ओवैसी उसकी प्राथमिकता में हैं लेकिन सरकार न बना पाने की दिक्कत के चलते मुस्लिम अपना वोट उन्हें देकर बर्बाद भी नहीं करना चाहता। उधर इंडी गठबंधन ओवैसी को अपने साथ लेने को तैयार ही नहीं है। ओवैसी की पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा साथ आने का दिया गया प्रस्ताव राजद ने खारिज कर दिया है, और यह कहा है कि अगर ओवैसी मुस्लिम मतों का बिखराव रोकना चाहते हैं तो वे बिहार में चुनाव ही न लड़ें। जबकि पिछली बार पांच सीटें पाने से उत्साहित ओवैसी चुनाव लड़ने पर आमादा हैं। जब राहुल गांधी बिहार की मशहूर मुएेखानकाह में उसके सज्जादानशीन से मुलाकात कर रहे थे तब खानकाह के बाहर ओवैसी की पार्टी के कार्यकर्ता इस बात के लिए प्रदर्शन कर रहे थे कि उनकी पार्टी को इंडी गठबंधन में शामिल कर लिया जाए। पता नहीं उनकी आवाज राहुल गांधी के कानों तक पहुंची या नहीं पर अभी तक ओवैसी की पार्टी के लिए इस बारे में कोई अच्छी खबर नहीं आई है।

उधर बिहार की अमार सीट से एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान की भी प्रतिष्ठा दांव पर है, पिछली बार वे इसी सीट से जीते थे। पार्टी के लिए यह सीट सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसीलिए भी उनकी कोशिश है कि इंडी से गठबंधन हो जाए। असल में यहां के वोटरों का कहना है कि अगर हम अख्तरुल इमान को जिता भी दें तो वे कुछ नहीं कर पाएंगे। इसलिए हमें कोई और विकल्प चुनना होगा। मुस्लिम वोटरों का एक वर्ग यह भी कहता है कि अगर एआईएमआईएम जीतकर विपक्षी गठबंधन के साथ ही रहेगी है तो फिर हम भी विपक्षी गठबंधन को ही वोट क्यों न दें। और यही बात अख्तरुल इमान के खिलाफ जा रही है। ऐसे में वे परेशान हैं और गठबंधन में जाने के लिए बेचैन हैं। दूसरी तरफ इलाके के मुसलमान वोटरों का यह भी कहना है कि हम बुनियादी रूप से कंग्रेस के ही वोटर हैं। वो तो समय के प्रवाह में इधर-उधर चले गए। और ऐसे में उनका यह बयान कंग्रेस की बढ़ती ताकत के रूप में भी देखा जा रहा है। और यह फैक्टर कंग्रेस को टिकट के लिए बारगेनिंग करने में मददगार साबित हो सकता है। एक बात महत्वपूर्ण है कि मतदाताओं के जेहन में या तो ओवैसी हैं, कंग्रेस हैं या फिर नीतीश कुमार। पर उनके के जेहन में तेजस्वी का नाम एक झटके में नहीं आता है। और यही इस क्षेत्र की सच्चाई है। कुछ वोटर कहते हैं कि राजद ने ओवैसी के चार विधायकों को चुरा कर हमारे मेंडेट का अपमान किया है, और हम इसकी सजा चुनाव में देंगे। उनका कहना है कि यहां से तेजस्वी यादव का कोई प्रत्याशी नहीं जीत पाएगा।

वैसे बिहार के मुसलमान नीतीश से भी नाराज हैं। और वह इसलिए कि उन्होंने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन कर मुसलमानों से विश्वासघात किया है। वे खुलकर कहते हैं कि हम इस बार नीतीश कुमार को वोट नहीं देंगे, क्योंकि वे भाजपा के साथ हैं, और मुस्लिमों के लिए उनकी एकमात्र डी मेरिट भी यही है। वे कहते हैं कि नीतीश कुमार तो अच्छे आदमी हैं लेकिन भाजपा के चक्कर में पड़कर उन्होंने वक्फ संशोधन कानून का समर्थन कर दिया है। इसलिए अब हम उनके साथ नहीं जाएंगे। कुल मिलाकर मुसलमान अभी भ्रमित हैं।

सूबे के ओवरऑल मुस्लिम मतदाताओं के बारे में एक अनुमान यह है कि अगर किन्ही कारणों से ओवैसी विपक्षी गठबंधन में शामिल हो जाते हैं तो यह मुस्लिम वोटरों का बड़ा ध्रुवीकरण होगा, इससे इंडी गठबंधन मजबूत भी होगा। लेकिन इसका नुकसान यह होगा कि जवाब में हिंदू मतों का ध्रुवीकरण होगा। और ऐसी स्थिति में 22 फीसदी बनाम 78 फीसदी का समीकरण काम करेगा। फिर ऐसे में एनडीए को हिंदू मतों का एक मजबूत आधार भी मिल सकता है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन का नुकसान दोनों ही स्थितियों में है, चाहे ओवैसी विपक्ष के गठबंधन में शामिल हों या अकेले लड़ें। अगर वह अकेले लड़ेंगे तो मुस्लिम मतदाताओं में बंटवारा करेंगे और अगर मिलकर लड़ेंगे तो मुस्लिम मतों का ध्रुवीकरण करेंगे। और फिर इसके खिलाफ हिंदू मतों का ध्रुवीकरण होगा, जो निश्चित रूप से सत्ताधारी एनडीए के पक्ष में जाएगा।

हालांकि मुस्लिम मतों के एक और दावेदार जन सुराज के प्रशांत किशोर भी हैं। कुछ मुस्लिम वोटर कहते हैं कि उनकी बातें ठीक हैं, उनका घोषणा पत्र भी ठीक है और वे सबकी बात करते हैं। तो ऐसे में हो सकता है कि मुस्लिम वोट बैंक में कुछ डेंट वे भी कर दें। और अगर ऐसा होता है तो यह भी सत्ता पक्ष के लिए सुकून की बात होगी। प्रशांत किशोर का भी दावा है कि इस बार मुसलमान वोटर उनके साथ रहेंगे, क्योंकि मुस्लिम अब नया विकल्प चाहते हैं। पीके का दावा है कि उनकी लड़ाई एनडीए से है और नंबर गेम में दूसरे नंबर पर रहेंगे। यानी वे भी मानते हैं कि वे सरकार बनाने की स्थिति में नहीं आएंगे। ऐसे में मुस्लिम वोटर उन्हें वोट कटवा न मान लें।

कुल मिलाकर फील्ड का माहौल देखकर ऐसा लगता है कि बिहार के मुस्लिम वोटर निर्णय लेने की जल्दी में भी नहीं हैं। हालांकि कुछ मुस्लिम वाटर ओवैसी के इतने मुरीद हैं कि वे आंख मुड़कर कहते हैं कि हम तो ओवैसी को ही वोट देंगे, वे हारें या जीतें। वे कहते हैं कि ओवैसी हमारे दिल में रहते हैं। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि एसआईआर की प्रक्रिया में सीमावर्ती जिलों में सर्वाधिक वोट कटे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा वोट किशनगंज से कटे हैं। फिर इस फैक्टर का भी असर इस चुनाव में पड़ेगा। वैसे इस इलाके के मुसलमानों से जब राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा के बारे में सवाल किया जाता है तो वे कहते हैं कि ये पोपू और भोंपू की यात्रा है। इससे कोई फायदा नहीं होने वाला, ये बस पब्लिक को बेवकूफ बना रहे हैं। वे कहते हैं कि उनकी यात्रा से हमारे निर्णय पर कोई असर नहीं होने वाला है। उनका आरोप है कि इन लोगों ने हमें काफी समय से सिर्फ वोट बैंक बना कर ही रखा है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण में योगी सरकार का डबल फोकस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- प्रदेश के निर्यात को बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स लागू करने की दिशा में हो सकता है प्रयास
- इवेंट के भव्य आयोजन की बन रही रूपरेखा, कई केंद्रीय मंत्रियों को किया जा रहा आमंत्रित



लखनऊ/गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई देशों के राजनायिक भी शिरकत करेंगे।

यूपीआईटीएस 2025 के माध्यम से एक बार फिर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक ताकत का भव्य प्रदर्शन करने जा रही है। इस बार इस मेगा इवेंट का फोकस न सिर्फ पुरानी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने पर होगा, बल्कि साथ ही सरकार की ओर से कई नई स्कीम्स और नीतियों को भी यहां पर लॉन्च किया जा सकता है, ताकि निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पेश किया जा सके।कार्यक्रम में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस, जिला प्रशासन और प्राधिकरण ने इस बात को ध्यान में रखते हुए तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम के दौरान योगी सरकार के विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं और पिछले वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, गंगा एक्सप्रेस-वे, डिजिटल निवेश पोर्टल और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक निवेशकों और आगंतुकों को दिखाई जाएगी। वहीं, पूरी संभावना है कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के मंच से सरकार नई उद्योग प्रोत्साहन योजनाएं, एमएसएमई वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष स्कीम्स को लॉन्च कर सकती है। इसके साथ ही उद्यमियों के लिए इनोवेशन सपोर्ट, महिला उद्यमिता प्रोत्साहन और स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं के विषय में भी घोषणा हो सकता है। योगी सरकार ने भारतीय दूतावासों और विदेशी मिशनों से इस आयोजन को प्रमोट करने का अनुरोध किया है। इसके तहत होस्टेड बायर प्रोग्राम की जानकारी संबंधित देशों के प्रमुख खरीदारों, चैंबर्स और ट्रेड बॉडीज तक पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश और देश के अंदर भी व्यापक प्रचार किया जा रहा है। मेट्रो, एयरपोर्ट, बस स्टैंड और टीवी चैनलों के जरिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए यूपी की लोककला और धरोहर का रंगारंग प्रदर्शन भी किए जाने की तैयारी है।

आयोजन की महत्ता बढ़ाने के लिए कई केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिनमें वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, एमएसएमई मंत्री जितन राम मांझी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, अधिकारी एवं अन्य वीआईपी गेस्ट भी इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। सरकार और स्थानीय प्रशासन ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। विजिटर्स की मोबिलाइजेशन व्यवस्था आरडब्ल्यूए और संस्थानों के माध्यम से की जा रही है। प्रोटोकॉल व अन्य व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन किया गया है। किफायती भोजन की व्यवस्था, परिवहन और पार्किंग की योजना, ब्रांडिंग, आवास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ट्रैफिक आदि के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित की गई हैं। पुलिस द्वारा ट्रैफिक और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम अंतिम रुप देने में जुटी हुई हैं। उन्होंने मंगलवार को इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सम्पूर्ण तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शो पूरे प्रदेश की प्रतिष्ठा का विषय है। मुख्यमंत्री इसकी प्रगति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए। यातायात के कारण किसी भी विदेशी मेहमान, दर्शक और व्यापारियों को परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखना चाहिए। होटल, गेस्ट हाउस की दरों पर नजर रखी जाएगी। निर्धारित दर से अधिक शुल्क वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक टीम इस पर काम करेगी। अगर किसी जगह अधिक किराया वसूला गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। डीएम ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विदेशी मेहमान भी आएंगे। उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि वे यूपी की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित हो सकें। मेले में प्रदेश के प्रमुख पारंपरिक व्यंजन और खान-पान स्टॉल भी होंगे। देश-विदेश के लोग यहां के खाने का स्वाद चख सकेंगे। डीएम ने परिवहन विभाग से कहा कि मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे से सटल बस सेवा की व्यवस्था की जाए।

टैक्सी व ई- रिक्शा की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मोबाइल नेटवर्क की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी मोबाइल कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग 24 घंटे आयोजन स्थल पर रहेगा। पर्याप्त संख्या में मेडिकल कैंप, डॉक्टर, एंबुलेंस की आपातकालीन सेवाएं मौजूद होंगी। उन्होंने कहा कि यहां पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एक सितंबर से फिर चलेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान, सरकार ने की सहयोगी की अपील

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से एक से 30 सितंबर के बीच नो हेलमेट, नो फ्यूल विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जायेगा। यह अभियान जिलाधिकारी के नेतृत्व तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) के समन्वय से चलाया जाएगा, ताकि जिला स्तर पर सभी संबंधित विभाग एक साथ नागरिक सुरक्षा के इस उद्देश्यमूलक प्रयास को आगे बढ़ाएं। इस अवधि में पुलिस, राजस्वध्जिला प्रशासन तथा परिवहन विभाग के अधिकारी प्रवर्तन की मुख्य जिम्मेदारी निभायेंगे। सरकार ने आमजन से अपील की है कि वे इन प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करें। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह पहल पूर्णतः विधिसम्मत एवं जनहितैषी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 दोपहिया चालक तथा पिलियन के लिए हेलमेट को अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194डी उल्लंघन पर दंड का प्रावधान करती है। उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति द्वारा भी राज्यों को हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने का परामर्श दिया गया है। योगी सरकार ने कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दण्डित करना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि अभियान पूरी तरह से सार्वजनिक हित में है। पूर्व के अनुभव बताते हैं कि दोपहिया वाहन स्वामी शीघ्र ही हेलमेट के साथ आने की आदत विकसित कर लेते हैं। इससे ईंधन बिक्री पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। तेल विपणन कंपनियों तथा सभी पेट्रोल पम्प संचालकों से अनुरोध है कि वे इस प्रयास में सक्रिय सहयोग दें। खाद्य एवं रसद विभाग के माध्यम से पेट्रोल पम्प स्तर पर आवश्यक समन्वयध्निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। सूचना एवं जनसम्पर्क तंत्र जन–जागरूकता के प्रसार में सहयोग करेगा। नागरिक, उद्योग और प्रशासन मिलकर ही सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटों को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर ठोस कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्नो हेलमेट, नो फ्यूलश दण्ड नहीं, बल्कि सुरक्षा का संकल्प है। यह अभियान एक से 30 सितम्बर तक जिलाधिकारी के नेतृत्व, डीआरएससी के समन्वय और पुलिस–प्रशासन–परिवहन अधिकारियों के प्रवर्तन के साथ चलेगा। सभी नागरिकों, पेट्रोल पम्प संचालकों और तेल कंपनियों से अपील है कि वे इसमें पूर्ण सहयोग दें। हेलमेट पहले, ईंधन बाद में को नियम बनाएं, क्योंकि हेलमेट पहनना जीवन का सबसे सरल बीमा है।

### रोजगार मेले में पुलिस ने युवक को बताया संदिग्ध

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे रोजगार महाकुंभ का आज दूसरा दिन है। 20,000 से ज्यादा युवा रोजगार के लिए पहुंचे हैं। पहले दिन की अव्यवस्थाओं के बाद प्रशासन ने दूसरे दिन व्यवस्था में कई तरह के बदलाव किए हैं। युवाओं को इंटरव्यू देने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की है। गेट नंबर–3 की तरफ बने काउंटर पर इंडियन कंपनी में जॉब अप्लाई करने वालों को टोकन दिया जा रहा है। गेट नंबर–1 पर बने काउंटर पर इंटरनेशनल कंपनियों के लिए टोकन दिया जा रहा है। वहीं, रोजगार मेले में आये कुछ युवाओं ने पुलिस पर बदसलूकी करने के आरोप भी लगाए हैं। आगरा से आये सत्यम मिश्रा ने बताया कि पुलिस हमारा कॉलर पकड़कर भगा रही है। पूछ रही कि किसी पार्टी से तो नहीं जुड़े हुए हो। ये लोग यहां भीड़ को भड़काने आये हैं। वहीं, मथुरा से आये रितेश जायसवाल का कहना है कि मैं टोकन लेकर घंटेभर लाइन में लगा रहा, जब पूछा कि कब मौका मिलेगा, तो पुलिसवाले मुझे पकड़ कर किनारे ले गए। मुझे धमकाने लगे। कहने लगे ये व्यक्ति संदिग्ध लग रहा है। रोजगार मेले के ऑर्गेनाइजर सुनील ने बताया कि पहले दिन करीब 6,000 युवाओं को विभिन्न कंपनियों ने शॉर्टलिस्ट किया गया। कंपनियों ने उन्हें 20 से 40 हजार रुपए की सैलरी ऑफर की है। हालांकि, अभी तक फाइनल ऑफर लेटर नहीं मिला है। रोजगार मेले में आईटी, एफएमसीजी, शिक्षा, सिक्योरिटी, पैकिंग, लोडिंग और कंस्ट्रक्शन समेत 100 से अधिक कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इनके करीब 150 एचआर इंटरव्यू ले रहे हैं। 20 कंपनियां दुबई से आई हैं। युवा अधिकतम तीन कंपनियों में ही अप्लाई कर सकते हैं। रोजगार मेले में 100 से अधिक प्रोफाइल की नौकरियां निकाली गई हैं। इनमें साइट इंजीनियर, प्रोजेक्ट मैनेजर, फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, आईटी व सेल्स इंजीनियर, कस्टमर केयर, बैंकिंग व फाइनेंस, मशीन ऑपरेटर, लोडिंग ऑपरेटर और सुपरवाइजर जैसे पद शामिल हैं।

# घर में मिला 2 सगे भाइयों का शव, कूड़े में दबी थी लाश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सआदतगंज इलाके में बंद घर में दो सगे भाइयों के शव बरामद हुए। दोनों शव घर के अंदर अलग-अलग जगहों पर थे। एक भाई का शव कूड़े के ढेर में दबा था। दोनों शवों से बदबू आ रही थी। पुलिस ने उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना चौपटिया पावर हाउस के पीछे स्थित ई-5 मकान की है। मकान में राजू पाहवा (62) और रवि पाहवा (58) पिछले कई वर्षों से अकेले रह रहे थे। मंगलवार देर रात घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने मृतकों की बहन को सूचना दी। बहन के पहुंचने पर दरवाजा खुलवाया गया। अंदर दोनों भाइयों का शव मिला। मकान के अंदर कई कुत्ते बंद थे। पूरा घर गंदगी और कूड़े से भरा था। पुलिस को एक शव कूड़े के ढेर में दबा मिला, जबकि दूसरा शव अलग कमरे में पड़ा था। आसपास खड़े लोगों ने बताया कि दोनों भाई कुत्तों से बेहद लगाव रखते थे। इस वजह से कुत्ते उनके आसपास रहते थे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, छोटा भाई रवि पाहवा की पत्नी करीब 30 साल पहले उसे छोड़कर जा चुकी थी। बड़ा भाई राजू मानसिक रूप से बीमार था। लंबे समय से कूड़ा उठाने का काम करता था। पुलिस का कहना है कि मौके पर किसी तरह की जबरदस्ती या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि मौत को 12 घंटे से ज्यादा का समय हो चुका था। मृतकों के जीजा प्रदीप बम्मी ने सूचना दी थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों की जानकारी होगी।

# नवयुग में विकसित भारत @ 2047 प्लान विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक के निर्देशानुसार विकसित भारत @ 2047 प्लान - विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट आस्था त्रिपाठी एवं कशिश गौतम ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विकसित भारत 2047 के प्रमुख उद्देश्य आर्थिक वृद्धि तथा बुनियादी ढांचे का विकास, सामाजिक प्रगति, शासन एवं सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय स्थिरता, चिकित्सा विज्ञान, विकसित भारत के लिए सरकार की पहल तथा नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कैडेट लक्षिका किशोर, सृष्टि नायक, अरुंधति यादव, अवंतिका गुप्ता, वर्तिका सक्सेना, प्रीति कुमारी, रिया लालवानी, खुशी निषाद, शिवांशी, उरूज बानो और प्रतिभा ने लघु नाटिका के माध्यम से आजादी के पहले से लेकर आजादी मिलने तक, कृषि से लेकर नवाचार और तकनीक के प्रयोग, स्वच्छ भारत- हरित भारत -सतत भारत, खेल, शिक्षा, अंतरिक्ष तक पहुंचने की भारत की सफलता को अपने भावों से दर्शाया क्र कैडेट गरिमा तिवारी ने कविता प्रस्तुत की । प्राचार्य प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा भारतीय संस्कृति और सभ्यता के दूत बनकर विश्व गुरु भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। युवाओं को केवल नौकरी पाने वाला नहीं बल्कि देने वाले बनने का प्रयास करना होगा, युवाओं की रचनात्मक सोच और नई दृष्टि से नए विचार, खोज और आविष्कार संभव होंगे। विज्ञान, तकनीक, स्टार्टअप और उद्यमिता में युवाओं का नेतृत्व भारत को विश्व में अग्रणी बनाएगा। कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने ने कहा कि विकसित भारत 2047 एक ऐसे भारत का सपना है जिस का अर्थ है आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन बनाकर समरस समाज का निर्माण जो आर्थिक रूप से समृद्ध, सामाजिक रूप से न्याय पूर्ण, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली और तकनीकी रूप से उन्नत व पर्यावरणीय रूप से संतुलित हो अर्थात समावेशी विकास। कार्यक्रम का संचालन अंडर ऑफिसर सिद्धी यादव ने किया। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर संगीता कोतवाल, प्रो संगीता शुक्ला, डॉ नेहा, डॉ सीमा, डॉ आभा, नागेंद्र विकल, अंडर ऑफिसर अंजलि वाजपेई, दीप्ति, प्रज्ञा शुक्ला समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। एनसीसी गान, राष्ट्रीय गान एवं भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### रालोद की बैठकें 29 व 30 अगस्त को

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में दो महत्वपूर्ण बैठक होंने जा रहे है। मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि 29 अगस्त को प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं प्रभारी की बैठक तथा 30 अगस्त को प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक की जाएगी। दोनों बैठकों में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा संगठन के सुदृढ़ीकरण, रणनीति एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देंगे।प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री त्रिवेदी ने आगे बताया कि इन बैठकों की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय करेंगे। वे प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए अपने विचार एवं मार्गदर्शन देंगे। 30 अगस्त की बैठक में पंचायत चुनाव कमेटी के प्रभारी कुलदीप उज्ज्वल एवं पंचायत चुनाव समिति के अन्य सदस्य भाग लेंगे। वे पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल की भागीदारी एवं रणनीति पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

# गरीब अव्यवस्था के कारण अपने प्राण गवां रहे हैं: अजय राय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री ने कहा कि एक तरफ जहां गरीब अव्यवस्था के कारण अपने प्राण गवां रहे हैं वही दूसरी तरफ सरकार आंकड़ों की बाजीगरी कर झूठी तस्वीरें दिखाकर ईनाम हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि संवेदनहीनता यह है कि सरकार द्वारा मौतों को छुपाया जा रहा है। जानकीपुरम सेक्टर-7 निवासी राजेश कौशल जो फ़ेरी करके अपने परिवार का पालन करते थे उनकी मौत डायरिया से हुई जिसका मुख्य कारण प्रदूषित सीवर युक्त पानी है, परंतु सरकार की तरफ से कारण कुछ और बताया जा रहा है। श्री राय ने कहा कि पूरे देश में सफाई के मामले में लखनऊ का तीसरा स्थान है, प्रदेश की राजधानी है और तो और देश के रक्षा मंत्री का संसदीय क्षेत्र भी है। लेकिन बहुत ही अफसोस की बात है कि यहां के निवासी गंदगी से अपने प्राण गवां रहे हैं। राजेश कौशल जो अपने परिवार में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे उनके परिजनों का हाल लेने कोई भी भाजपा नेता नहीं पहुंचा। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने स्व0 राजेश कौशल जी के घर के बाहर नाले की तस्वीरें भी दिखाई जिनमें दूषित पानी बह रहा है और उसी नाले के पास से पीने के पानी की पाइप भी लोगों के घरों में जा रही हैं जो कई जगहों से लीक हो गई हैं। प्रेसवार्ता को दौरान एक और महत्वपूर्ण मुद्दे पर मीडिया बंधुओं का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि उ0प्र0 सरकार रोजगार देने में असफल है खासतौर पर युवा बेरोजगार हैं और निराश हैं। सरकार अपनी कमियों को छिपा के लिए तथाकथित कुंभ रोजगार जैसे झूठे आयोजन कर रही है जहां युवाओं को सिर्फ छला जा रहा है। अव्यवस्था और संवेदनहीनता से भरे इस कुंभ में बच्चों, युवाओं के सीवी और डिग्रियाँ कूड़े के ढेर में मिल रही हैं। घोर अव्यवस्था का शिकार इस आयोजन में दूर-दूर से आए युवाओं को यह तक नहीं पता कि उनका क्या होगा? उधर मुख्यमंत्री जी हैं जो अपने भाषण में सिर्फ जुमला बांट रहे हैं।

### मनौतियों के राजा का आगमन बप्पा हुए विराजमान, गणेश चतुर्थी पर घरों–पंडालों में मूर्ति स्थापित

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गणेश चतुर्थी पर पंडालो और घरों में बप्पा की मूर्ति स्थापित कर दी गई। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच मनौतियों के राजा का आगमन हो चुका है। 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव पर गोमती तट पर स्थित झूलेलाल वाटिका में भव्य पंडाल सजाया गया है। 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक चलने वाले इस 20 वें गणेशोत्सव में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन लोग कर रहे हैं। पूजा-पाठ के साथ गणेश जी का आगमन पंडाल में हो चुका है। गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से आयोजित 20वां गणेश महोत्सव है।

झूलेलाल वाटिका में 15,000 वर्ग फुट में वातानुकूलित और वाटरप्रूफ पंडाल दिल्ली के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया है। 85 फीट ऊंचा यह पंडाल कोलकाता से आए कारीगर द्वारा तैयार किया गया है। पंडाल बेहद सुंदर और आकर्षित है किसकी भव्यता देखते बन रही है। 10 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन।

# प्रदेश में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत 14.15 लाख युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण व 5.50 लाख हुए सेवायोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अनेको योजनाएं संचालित कर उन्हें रोजगार से लगा रहे है। उप्र कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण दिलाते हुए सबको हुनर, सबको काम की नीति पर चलते हुए प्रदेश सरकार युवाओं/युवतियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है। प्रदेश के बहुत से युवक/युवतियों शिक्षित तो होते है, किन्तु बिना किसी हुनर, कौशल के वे रोजगार से नहीं लग पाते है। प्रदेश सरकार उन्हें रोजगार से लगाने के लिए कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिलाती है और संबंधित ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उन्हें स्वयं का बिजनेस, उद्यम स्थापित करने के लिए सहयोग एवं सरकारी/निजी क्षेत्र में सेवायोजित कराती है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह जरूरी है कि वह उ0प्र0 का मूल निवासी हो और उसकी आयु 18 से 35 वर्ष की होना चाहिए। कुछ ट्रेड्स में आयु में शिथिलता है। प्रशिक्षण लेने के लिए आवेदक को आवेदन ऑनलाइन भरते समय आधार कार्ड, निवास, आयु, शैक्षिक योग्यता के प्रमाण, बैंक खाता नम्बर, पासपोर्ट साइज की फोटो, मोबाइल नम्बर आदि संलग्न करना होता है। प्रदेश में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या को बढ़ाकर 324 किया गया है, जिससे वर्तमान में प्रवेशित सीटों की संख्या 1.84 लाख हो गयी है। अप्रेंटिसशिप योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 में 69 हजार से अधिक युवाओं को उद्योगों व एम0एस0एम0ई0 में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 08 वर्षों में 14.15 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 5.40 लाख युवाओं को सेवायोजन भी प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा उद्योगों की मांग के अनुरूप राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एन0एस0डी0सी0) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित क्वालिफिकेशन पैक्स/नेशनल आक्यूपेशनल स्टैण्डर्ड आधारित कुल 38 सेक्टर्स से 2750 से अधिक पाठ्यक्रम अनुमन्य किये गये है। वर्तमान में 452 निजी प्रशिक्षण प्रदाता, 334 राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता और 25 फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाता मिशन, 34 दिव्यांग प्रशिक्षण प्रदाता, 268 स्टार्टअप प्रशिक्षण प्रदाता तथा 10 एन0एस0डी0सी0 तथा एस0एस0सी0 प्रशिक्षण प्रदाता उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के साथ आबद्ध किये जा चुके है। इसके अतिरिक्त दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत 415 प्रशिक्षण को भी अनुबंधित किया गया है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से मैन पावर तैयार किये जा रहे है। यू0पी0जी0आई0एस0 2023 में विभाग हेतु 71 निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे रू0 7031 करोड़ की धनराशि का निवेश अग्रेतर वर्षों में होने की सम्भावना है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा स्कूली छात्र व छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट प्रवीण प्रारम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर सेवायोजित कराये जाने का लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को अवॉर्डिंग बॉडी की मान्यता प्राप्त करा कर अपने मॉगपरक पाठ्यक्रम तैयार करने, मूल्यांकन व प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु सक्षम बनाया गया है। राजकीय आई0टी0आई0 में इंडस्ट्री 4.0 की अपेक्षाओं के अनुरूप अभिनव ट्रेड्स यथा ड्रोन टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया गया है। इसके साथ-साथ नवीन प्रौद्योगिकी व सेवाक्षेत्र यथा इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी तथा लाजिस्टिक्स से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये आई0वी0एम0, टी0सी0एस0 तथा फ्लिपकार्ट जैसी कम्पनियों के साथ अनुबंध किया गया है। उद्योगों की माँग एवं इन्डस्ट्री 4.0 की आकांक्षाओं के अनुसार एवं सेवायोजकता के दृष्टिगत टीटीएल एवं उनके कन्सोटियम द्वारा सीएसआर के सहयोग से 149 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं 01 प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में कौशलम केन्द्र की स्थापना की गयी जिसमें 11 दीर्घकालीन न्यू एज कोर्स एवं 23 शार्ट टर्म कोर्सेस का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। वर्तमान में 11,000 से अधिक प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षणरत है। इस परियोजना में रू0 4,282 करोड़ की धनराशि का निवेश किया गया है। शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) के अन्तर्गत प्रादेशिक स्टॉफ शिक्षण एवं शोध केन्द्र (आईटीओटी) लखनऊ में संचालित 06 व्यवसायों को बढ़ाकर 10 व्यवसायों का कराया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 39 हजार से अधिक प्रशिक्षार्थियों को उद्योगों व एमएसएमई में प्रथम बार 07 से 15 दिवस की ऑन-जॉब ट्रेनिंग कराई गई है। उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा दिव्यांगों हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर संचालित कराये गये हैं। प्रशिक्षण में उद्योगों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के 227 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित हो रहे व्यवसायों में से 52 व्यवसायों की 17,156 सीटों को ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (कैज) के अन्तर्गत 03 से 06 माह का प्रशिक्षण अनुबन्धित किया गया है। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना/अप्रैन्टिसशिप योजना की ब्रान्डिंग करते हुये अधिक से अधिक युवाओं को भत्ते के साथ उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। अप्रैन्टिसशिप प्रशिक्षण उद्योगों में केन्द्र सरकार द्वारा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है एवं योजना के प्रोत्साहन हेतु एन0ए0पी0एस0 लागू करते हुये सम्बन्धित अधिष्ठान द्वारा प्रदान की गयी वृत्तिका के सापेक्ष 25 प्रतिशत (अधिकतम 1500/- प्रशिक्षार्थी प्रति गाह) की प्रतिपूर्ति की जाती है।

उक्त योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अप्रेंटिस प्रोत्साहन योजनान्तर्गत रू0 1000/- प्रति प्रशिक्षार्थी प्रति माह की प्रतिपूर्ति की जा रही है।

# यूपी में फिर करवट लेगा मानसून, होगी झमाझम बारिश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मौसम विभाग ने 30 अगस्त के बाद से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से झमाझम बारिश होने का अनुमान जताया है, जबकि इधर तीन दिनों में उत्तराखंड से सटे जिलों के अलावा प्रदेश के कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश होगी। आज गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, बागपत, में मेघगर्जन, बिजली गिरने के साथ मध्यम से भारी वर्षा के आसार है वहीं अलीगढ़, बदायूं, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर गुजरे निम्नदाब क्षेत्र के कमजोर पड़ने तथा उससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण राजस्थान की तरफ खिसक गया है। साथ ही ओडिशा तट से दूर उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर बने एक अन्य निम्नदवाब क्षेत्र के प्रभाव से मानसून द्रोणी के संभावित दक्षिणी विचरण के कारण प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। साथ ही परिणामस्वरूप आगामी तीन'चार दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी से पहाड़ों की ओर आ रही नमी के प्रभाव से उत्तराखंड से सटे जिलों को छोड़कर प्रदेश के अन्य भागों में छिटपुट वर्षा को छोड़कर कोई प्रभावी बारिश होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 अगस्त से परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर प्रदेश में वर्षा के वितरण एवं तीव्रता में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ पुनः भारी बारिश हो सकती है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में भी 30 अगस्त के बाद फिर से अच्छी बारिश के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। गौरतलब है कि मानसून द्रोणी का तात्पर्य यह है कि एक कम दबाव वाली लंबी पट्टी होती है, जो भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून प्रणाली के लिए जिम्मेदार हवाओं के प्रवाह को निर्देशित करती है। यह निम्न वायुदाब की एक पंक्ति होती है, जहाँ से हवा ऊपर उठती है और जिससे भारी वर्षा होती है।

# शिकायतों का हो प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण: जिलाधिकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में आये लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। आज जन सुनवाई में कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। अंश निर्धारण व पैमाइश के किसी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। भूमि पर कब्जे के मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। जन सुनवाई में वृद्धावस्थाए विधवा व दिव्यांग पेंशन से सम्बंधित प्रकरण आने पर उन्होंने सम्बंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



आज जन सुनवाई मे 02 लोगों को पारिवारिक लाभ योजनाए 01 व्यक्ति को वृद्धावस्था पेशनए 02 बच्चों को स्पांन्सरशिप योजना तथा 02 लोगों के राशन कार्ड बनाये गये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास खंड कार्यालय के नए भवन का ब्लॉक प्रमुख ने किया भूमि पूजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** शाहाबाद क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को विकास खंड कार्यालय की नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। भूमिपूजन समारोह में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) दिनेश चंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, सहित कई जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि, नई बिल्डिंग के निर्माण से विकास कार्यों की रफ्तार तेज होगी और आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समय से व पारदर्शिता के साथ मिल सकेगा। खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा और इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय को ऐसा रूप दिया जाएगा जिससे आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत ने कहा कि यह भवन क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे अब साकार रूप दिया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। समारोह में क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय नेता, एवं ग्रामीणों की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने निर्माण कार्य की सफलता व शीघ्र पूर्णता की कामना की।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

■ देश की मशहूर कंपनी संतूर ने व्यापारियों को सम्मानित भी किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना ( हरदोई )।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए साफसफाई भी अत्यंत आवश्यक है!

स्वच्छता का संदेश लेकर आई देश की प्रसिद्ध कंपनी संतूर ने कछौना नगर में जगह.जगह नुक्कड़ नाटकों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया! उन्होंने लोगों को स्वच्छ रहने तथा अपने हाथों को साफरखने के अनगिनत लाभ बताएए तथा ऐसा न करने से होने वाले अनेक प्रकार के दुष्प्रभावों के बारे में भी नाटक के माध्यम से बताया! नुक्कड़ नाटक बहुत ही आकर्षक रहा जिसे देखने के लिए सैकड़ो लोगों की भीड़ लगी रही! इसके साथ.साथ कंपनी ने व्यापारियों को सम्मानित भी किया!

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कंपनी की एस०ओ० सूरज तिवारी, अटल बिहारी सिंह, अमन गुप्ता, सत्य प्रकाश मिश्रा, आयुष सिंह, दुर्गेश गुप्ता, रोहित पाल, बबलू कश्यप, श्यामू गुप्ता, मनीष गुप्ता, सहित सैकड़ो व्यापारी व अन्य जन उपस्थित रहे।

## विद्यालय में ख़राब गुणवत्ता के भोजन को लेकर अभिभावकों ने काटा हंगामा, बीईओ ने जाँच कर कार्यवाही का दिया अस्वासन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिले के विकास खण्ड टड़ियावा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय देबिया फत्तेपुर में दिनांक 27 अगस्त बुधवार के दिन बच्चों को मिलने वाले माध्यान भोजन में दूध व तहरी के बजाय मिली सादी तहरी से अभिभावक हुए आक्रोशित काटा हंगमा।बता दे कि प्राथमिक विद्यालय देभिया फत्तेपुर में बुधवार के दिन दोपहर के खाने में अनियमितता को लेकर अभिभावकों नें हंगामा काटा है। जिसके बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल झा नें अभिभावकों द्वारा विद्यालय की शिकायत मिलने मौके पर पहुँचकर मामले की जाँच की हैं। संजीव प्रताप सिंह करणी सेना, धीरेंद्र प्रताप सिंह, साहिल खान, जागेश कुमार आदि अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों को तहरी के नाम पर पीले चावल दिए जा रहे थे, जिसमें न तो आलू थे और न ही सोयाबीन, मटर आदि स्कूल में कहीं भी मेनू सूची नहीं छपी है, जिस कारण मिड्डे मील के नाम पर नौनिहालों का हक़ मारा जा रहा है। बुधवार के दिन बच्चों को मिलने वाला दूध कभी नही मिलता है व सोमवार को फल भी किसी बच्चे को मिलते हैं। अभिभावकों के विरोध प्रदर्शन का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अभिभावकों की शिकायत के बाद बीईओ ने मौके की जाँच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

बीईओ अनिल झा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जाँच में अनिमितता मिली है, प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर आगे बेहतर भोजन व फल दूध आदि वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

### हरतालिका तीज पर मंदिर में झांकी व शिव पार्वती राधाकृष्ण का नृत्य देख झूमे भक्तगण

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे के मोहल्ला अन्नपूर्णा नगर स्थिति शिवलिया मंदिर पर हरतालिका तीज पर मंदिर को फूलों से सजाया व लोगो ने मनोकामना पूरी करने के लिए फुलेरा बांधा वही मंदिर व फुलेरा के दर्शन करने के लिए भक्तो की भारी भीड़ दिखाई दी। हड़तालिका तीज पर भगवान शंकर व आदि शक्ति माँ पार्वती व राधा कृष्ण की झांकी व नृत्य कर्यक्रम देख भक्तगण झूमने पर विवश हुए। कार्यक्रम आयोजक सविता गुप्ता, शीला गुप्ता, प्रीति गुप्ता, पिंकी गुप्ता, मंजुला गुप्ता, दीपा गुप्ता, संगीता गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, शशी गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, सुनील गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, विनोद गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, विजय गुप्ता, केशनु गुप्ता, राहुल गुप्ता, शौर्य गुप्ताआदि लोग मौजूद रहे। अंत मे भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महिलाओं का विशेष योगदान रहा

## कार्यालय ग्राम पंचायत-भीठा महासिंह, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद-हरदोई

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/आर0जी0एस0ए0/ राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त /2025-26 दिनाँक-27.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत-भीठा महासिंह, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद- हरदोई द्वारा मनरेगा/आर0जी0एस0ए0/ राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त से कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो की सामग्री (सीमेण्ट, मौरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, फ्रेब्रिकेटर्स, गेट, खिड़की, इंगल पल्ला, टाइल्स, इल्मूनियम, पेंट पराइमर, पुट्टी, PVC पाइप, पानी टंकी, ग्लास, खिड़की प्लाई पल्ला, WC पेन, यूरिन, वासबेसिंग, कार्टेजआदि ) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-28.08.2025 से 03.09.2025 को 03:00 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-03.09.2025 को समिति द्वारा सायं 04:00 बजे कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन निर्माण कार्य। | 37.28लाख |

**नोट- नियम व शर्ते निम्नवत् है-**

1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो / सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
8- समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(निशा)
प्रधान
ग्राम पंचायत-भीठा महासिंह,
विकास खण्ड- अहिरोरी, हरदोई

(लाल बिहारी)
सचिव
ग्राम पंचायत-भीठा महासिंह,
विकास खण्ड- अहिरोरी, हरदोई

## अज्ञात चोरों ने निजी नलकूप का ताला तोड़ रात में रुके आठ जिंदा कारतूस छोड़ गए

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में चोरी कर एक निजी नलकूप का ताला तोड़कर रात में वहाँ रुके वही 8 जिंदा कारतूस छोड़ गए। थानाक्षेत्र के गांव शाहपुर वासुदेव निवासी प्रवीण पाल पुत्र रामदयाल पाल के घर में घुस कर लोहे की अलमारी का लॉक तोड़कर उसमे रखे दो जोड़ी पायलएकान सुई धागा और चार हजार नगदी उठा ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर नही दी। उसने डायल 112 को रात में सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं रामबक्श यादव के खेत पर बने नलकूप का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नलकूप में रुके वहा 8 जिंदा कारतूस छोड़ गए जिन्हें थानाध्यक्ष के सुपुर्द किया गया।

### बाइक को बुलेरो ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सामने से आ रही बाइक को बुलेरो ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई वही बाइक सवार दो लोग घायल घायल हो गए। बोलेरो सड़क किनारे खन्दक में पलट गई बलेरो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। थाना क्षेत्र मल्लावां के मटियामऊ तेरवाकुल्ली मार्ग पर बुधवार को एक बाइक पर सवार तीन लोग मटियामऊ से तेरवाकुल्ली जा रहे थे मटियामऊ से कुछ दूरी पर खुशनूर (22) पुत्र किश्मत निवासी मटियामऊ व उसी गांव के शाबेद पुत्र कल्लू (23), फरहान (20) पुत्र बाले तेरवाकुल्ली जा रहे थे सामने से आ रही बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे खुशनूर की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक सवार शाबेद व फरहान घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से माधोगंज सी एच सी लाया गया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया वही मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। मृतक दुकानदारी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके पत्नी रुबीना और 8 माह की बच्ची है।

### शिव महापुराण कथा सुनाते हुए आचार्य ने भक्तो को चलता फिरता प्रयागराज बताया

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** शिव महापुराण कथा को सुनाते हुए व्यास आचार्य अंकित ;वत्सल जीद्ध ने भक्तों को चलता फिरता प्रयागराज बताया। ग्राम पंचायत दौलतयारपुर में कांवरिया कमेटी द्वारा आयोजित कथा में व्यास ने कहा कि संत समागम हरि कथा तुलसी दुर्लभ दोय अर्थात मानव जीवन में भौतिक सुख.सुविधाएँ जैसे पुत्रए पत्नी और धन तो सहज उपलब्ध होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति के पास हो सकते हैं। लेकिन सच्चे संतों की संगत प्राप्त करना और भगवान की महिमा की कथा सुनना या सुनाना जीवन का एक ऐसा अवसर है जो बहुत ही दुर्लभ होता है और बड़े भाग्य से ही मिलता है। यह आत्म.कल्याण का मार्ग है और जीवन को सार्थक बनाता है।

इसलिए भगवान शिव की कथा का श्रवण कीर्तन मनन करने से शिव तत्व की प्राप्ति होती है फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के दिन प्रथम शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ जो अरुणाचल शिव के नाम से विख्यात हुआ शिव कथा में गुरुदेव डॉ० संतरामानंदाचार्य जी ने अपने प्रवचन सुनाते हुए कहा कि शिवलिंग घर में पूजा करने के लिए एक अंगुल से 8 अंगुल और मंदिर में स्थापना के लिए 12 अंगुल से अधिक शिवलिंग रखना चाहिए शिवलिंग के निर्माण के भेद बताएं नर्मदेश्वर धातु के शिवलिंग आटे के शिवलिंग और जब कोई शिवलिंग न हो तो अपने बाए अंगूठे के शिवलिंग का स्वरूप मानकर शिव का पूजन करें ओम नम: शिवाय का जप करे नावेद भाषण पर विचार और बिल्व पत्र का महत्व बतलाया यदि वह शिव भक्त है शिव मंत्र का जाप करता है तो वह शिवलिंग का प्रसाद खा सकता है यदि उसने शिव मंत्र की दीक्षा नहीं ली है तो उसे शिवलिंग का प्रसाद नहीं खाना चाहिए उसे पर चण्ड का अधिकार होता है भस्म रुद्राक्ष और पंचाक्षर मंत्र जिसके पास हैं वह चलता है फिरता तीर्थराज है अर्थात शिव स्वरूप है।

### नाबालिग किशोरी को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज।

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पुलिस ने उचवल गांव निवासी सलीम पुत्र मोहम्मद हनीफको गिरफ्तार कर लिया है। 2 जुलाई को वह एक नाबालिग किशोरी को बहला.फुसलाकर भगा ले गया था। करीब एक महीने तक फरार रहने के बाद पुलिस की दबिश में वह पकड़ा गया।करीब दो सप्ताह पूर्व किशोरी सीतापुर से बरामद हुई थी। गिरफ्तारी न होने पर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार भी लगाई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफपॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।परिजनों की व्यथा किशोरी की मां का पहले ही निधन हो चुका है। पिता ने कहा हमें अब केवल सख्त सजा की उम्मीद है। वहीं बूढ़े बाबा बोले बेटी की मां नहीं है, हमारे लिए यह गम सहना मुश्किल था। आरोपी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।जानकारी के मुताबिक, आरोपी और पीड़िता दोनों एक ही समुदाय से ताल्लुक रखते थे।

### गणेश चतुर्थी पर विद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**टड़ियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के गांव उनौती के आदर्श पब्लिक स्कूल में बुधवार को गणेश चतुर्थी के पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रविप्रकाश ने पूजन अर्चन कर सांक्रतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रमुख श्री प्रकाश ने वहां क्षेत्र पंचायत निधि से बनवाये गए इंटरलॉकिंग मार्ग का फीता काटकर लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण मोहन शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष अविनाश त्यागी, प्रबंधक आनंद सिंह, प्रधान सतीश चंद्र, ओमशंकर पाल, सर्वेश काकूमऊ, आवेश लिलवल, सुशील शर्मा, कपिल पाल, सर्वेद्र राव, उदयराज, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

### नवांगतुक खंड शिक्षाधिकारी का हुआ स्वागत

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नवांगतुक खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह का जोरदार स्वागत हुआ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष ध्ब्लॉक अध्यक्ष अनूप दीक्षित ने अपनी ब्लॉक कमेटी शिक्षक साथियों के साथ माल्यार्पणएप्रतीक चिन्ह प्रदान कर व केक खिलाकर स्वागत किया। स्वागत समारोह का संचालन पूर्व एआरपी रजनीश द्विवेदी ने किया। स्वागत समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष अनूप दीक्षित ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौम्य, मधुर व्यक्तित्व का धनी बताया। इस अवसर पर अवर अभियंता राकेश त्रिपाठी, एआरपी चंद्र प्रकाश सिंहए बलजीत सिंह, शोभित सिंह, के आर पी नीरज गुप्ता, ब्लॉक बाबू प्रदुम्न अवस्थी,संगठन के ब्लॉक उपाध्यक्ष रजनेश कुमार, मुकेश कुमार, मोहम्मद आरिफ मोहम्मद आबिद, कोषाध्यक्ष इमरान मंसूरी, ब्लॉक मंत्री अखिलेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह , धीरेंद्र सिंह, विकास द्विवेदी, अरुण कुमार, शैवाज अहमद, हरिओम सिंह, अरुण कुमार, शुभम मिश्रा, अनुज सिंह, माण्वी सिंह, रजनी, सीमा पाराशर, रेनू, आफ्रिका, प्रतिभा सिंह, प्रशांत कुमार, मनोज प्रताप सिंह, संजय कुमार, शौर्य मिश्रा, राजीव गुप्ता, निखिल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# ग्यारहवें गणेश चतुर्थी मोहत्सव का मल्लावां मे हुआ शुभारम्भ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**मल्लावाँ ( हरदोई )।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मल्लावां नगर के भगवंतनगर में आयोजित 11वें भव्य श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना एवं विधिवत पूजा. अर्चना की।

क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह ने इस पावन अवसर पर गणपति बप्पा से प्रार्थना की समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख.समृद्धि, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं मंगल कार्यों की वृद्धि करें ।तथा सबके जीवन को आनंदमय बनाएं। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य प्रवीण कुमार गुप्ता शिवम अग्निहोत्री सुजीत यादव, सर्वेश द्विवेदी सुजीत सोनी, रिंकू यादव प्रिंस श्रीवास्तव, सर्वेश यादव पंकज गुप्ता भावेश गुप्ता सुजीत राठौर विशाल राठौर संदीप कश्यप रोहित राठौर, हिमांशु सोनी अमित भारद्वाज आदित्य गुप्ता शिवा गुप्ता नितिन भारद्वाज गोलू गुप्ता प्रदीप कश्यप तुषार द्विवेदी विनय शुक्ला समेत सभी गणमान्यजन मौजूद रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने टड़ियावां ब्लॉक का किया आकस्मिक निरीक्षण

**टड़ियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकास कार्यक्रमों में गतिशीलता एवं समयबद्धता तथा कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाने हेतु दिनांक 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा ०4:30 बजे विकास खंड कार्यालय टड़ियावां का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी इंद्रसेन नाथ उपस्थित थे। उपस्थिति पंजिका चेक करने पर प्रशांत कुमार एवं संदीप अवस्थी तकनीकी सहायकएबी एम एम अमित मिश्राएअनुपस्थित पाए गए।अनुपस्थित सभी कर्मचारियों का तत्काल प्रभाव से एक दिन का वेतन बाधित कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशासनिक भवन के विभिन्न कक्षोंएपरिसर में स्थित सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय एनआरएलएम कार्यालय तथा प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण किया गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत से आयुष्मान कार्ड की स्थिति जानी गई चार पंचायत सहायकों द्वारा कोई काम न करने पर उनकी सेवा समाप्त करने के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। एनआरएलएम में फीडिंग की समीक्षा करने पर खराब प्रगति पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी आईएसवी नितिन कुमार एवं बी एम एम राजेश कुमार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।मीटिंग सभागार की फॉल सीलिंग खराब पाए जाने पर उसे 15 दिन में ठीक करा कर अनुपालन व्याख्या उपलब्ध कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए गए। तदुपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ब्लॉक परिसर में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया तथा पशुओं की पेयजल व्यवस्था एवं भुसागर में उपलब्ध भूसा को देखा गया। पशुओं के रखरखाव के संबंध में केयरटेकर से वार्ता की गई। ०4:30 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बंद पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने वह संबंधित स्टाफ का आज का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए।

### मां दुर्गा मंदिर में गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**पाली ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मां दुर्गा मंदिर भूदर वाली मठिया में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में होने जा रहा है विशाल 12 मा गणेश महोत्सव कार्यक्रम यह कार्यक्रम 27 अगस्त से 1 सितंबर तक निरंतर चलता रहेगा इसमें सुबह गणेश की पूजा अर्चना और आरती कार्यक्रम किया जाएगा शाम ०5:00 से रात्रि 11:00 बजे तक बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां एवं रासलीला का कार्यक्रम किया जाएगा गणेश का विसर्जन कार्यक्रम 1 सितंबर दिन सोमवार को पाली मां दुर्गा मंदिर भूदर वाली मठिया से होते हुए पाली नगर की मुख्य मार्गो से होते हुए रामलीला चौराहा पर पहुंचेगा वहां से गर्रा नदी पर जाकर विसर्जन किया जाएगा इस कार्यक्रम में ढोल नगाड़ा और डीजे एवं सुंदर सुंदर झांकियां के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी मां दुर्गा मंदिर समिति के लोगों ने बताया है कि निरंतर हम लोग 12 वर्षो से लगातार मां दुर्गा मंदिर भूदर वाली मठिया पर सब के सहयोग से भव्य गणेश महोत्सव का आयोजन करते हैं जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा भव्य झांकियां एवं रासलीला का कार्यक्रम किया जाता है जिससे सनातन धर्म का प्रचार और प्रसार संपूर्ण भारत के कल्याण की कामना गणेश भगवान से करते है जिससे पाली का भविष्य उज्जवल और आपस में प्रेम भाईचारा बना रहे।

### किसान मजदूर संगठन ने की समस्याओं को लेकर बैठक

**बघौली ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आपको बताते चले बघौली थाना के अंतर्गत भेलावाँ ग्राम में किसान पंचायत का आयोजन किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष विकास चौहान की अध्यक्षता में किया गया जिसमे किसानो की समस्यायों को सुन कर उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए ज्ञापन ।क्क् पंचायत सुरसा को दिया गया और बिजली विभाग की समस्याओ का ज्ञापन ज्व्2, पॉवर हाउस बघौली प्रशांत कुमार को दिया गया जिसमे किसान मजदूर संगठन के तहसील उपाध्यक्ष प्रियांशु सैनी ब्लॉक मानती रोशन लाल टंडन शुक्ला रामजीवन आदि सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### अलग अलग सड़क हादसों में एक की इलाज के दौरान मौत, दूसरा गंभीर घायल

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग हुए सड़क हादसों में एक घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गईए जब कि दूसरा युवक जिंदगी मौत से लड़ रहा है।परिजनों की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रेभा मुरादपुर निवासी आशीष कुमार के अनुसार उसके पिता 18 अगस्त की शाम को भैंस चरा कर वापस घर आ रहे थे।रास्ते में तेज रफ्तार बाइक चालक कोतवाली देहात के ग्राम धन्नुपूर्वा निवासी सोहिल पुत्र आशीष ने उसके पिता के टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने उसके पिता को लखनऊ रेफर कर दिया। वह अपने पिता को रुहेलखंड मेडिकल कालेज बरेली ले गया। 23 अगस्त को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।ग्रामीणों ने घटना स्थल पर बाइक चालक को पकड़ लिया था और उसकी बाइक गांव में खड़ी करवाकर उसको घर भेज दिया था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहोरा निवासी रंजना के अनुसार उसका पति सोनपाल 24 अगस्त की शाम को करीब 6 बजे मजदूरी करके घर लौट रहा था। रास्ते में पाली रोड पर इंडेन गैस एजेंसी के निकट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी सत्यवीर पुत्र मदनपाल ने लापरवाही से तेज रफ्तार में अपनी बाइक संख्या यूपी 30 बीएस 9812 से उसके पति के टक्कर मार दी।जिससे वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां से इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उसके पति को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया लेकिन परिजनों पति को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया हैं।उसके पति को अभी होश नहीं आया है वह मौत और जीवन की लड़ाई लड़ रहा है। दोनों सड़क हादसों में परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बाइक चालकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया नए खंड शिक्षा अधिकारी का औपचारिक स्वागत

**भरावन ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक पदाधिकारियों ने नए खंड शिक्षा अधिकारी का औपचारिक स्वागत किया। बताते चलें कि लगभग 12 महीने से ब्लाक भरावन में इस पद का अतिरिक्त प्रभार संडीला के तत्कालीन बी ई ओ डॉ बृजेश कुमार त्रिपाठी के पास था जो कि दो ब्लाकों का कार्यभार देखने के कारण कम समय दे पा रहे थे जिससे कई कार्य लंबित हो रहे थे। करीब 12 माह के उपरांत मंगलवार को नए बी ई ओ के रूप में कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने चार्ज लिया एबुधवार को औपचारिक स्वागत के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे व संघ के पदाधिकारी कार्यालय पर औपचारिक भेंट कर प्रेम के प्रतीक राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर शुभकामना दिया। बीईओ ने भी सभी को अस्वस्थ करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्या का निवारण और विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में जनपद में प्रथम स्थान तक ले जाना ही हमारा उद्देश्य रहेगा। हम सब मिलकर अपनी खामियों को भी दूर करेंगे। वही पदाधिकारी को बैठने की समुचित व्यवस्था न मिलने पर ब्लॉक अध्यक्ष ने खेद जताते हुए कि यह कर्मचारियों की लापरवाही ही है एक्योंकि महोदय से समय लेकर हम सभी आए थे तो बैठने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए थी किंतु भविष्य में ऐसा ना हो इसलिए हम अपने संगठन की तरफसे छः कुर्सियां दान करते हैं। इस अवसर पर संघ के महामंत्री राम प्रकाश, उपाध्यक्ष मनोज दीक्षित, संयुक्त मंत्री रईस आलम, महिला उपाध्यक्ष रेनू सिंह, एआरपी सचिन मिश्रा, शिक्षक सत्येंद्र सिंह, राहुल पांडे, आलोक त्रिवेदी सहित शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै दुलारी पत्नी पुत्तू, पताः- कालाआम थाना टड़ियावाँ, जिला-हरदोई की निवासिनी हूँ। मैने अपने पुत्र कौशल किशोर उसके गलत आचरण के चलते व मेरे प्रति गलत व्यवहार व मारपीट कर अपमानित करने के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अब भविष्य में मेरे पुत्र कौशल किशोर द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा, वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै अवधेश कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता, पताः- कपूर टेण्ट हाउस, मंगलीपुरवा शुगर मिल रोड, तह0 व जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरे पुत्र शाश्वत गुप्ता का आधार कार्ड पर त्रुटिवश नाम सियाराम गुप्ता व जन्मतिथि-01.01.2012 दर्ज हो गयी है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम शाश्वत गुप्ता व जन्मतिथि-28.01.2016 है जोकि सही है। मेरे पुत्र शाश्वत गुप्ता का शाश्वत गुप्ता समस्त सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में पढ़ा व लिखा जाये। मेरे पुत्र का नाम जन्मतिथि आधार कार्ड पर शुद्ध किया जाना अति आवश्यक है।

### निकाली गई गणपति बप्पा की शोभा यात्रा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राम वाटिका चौक में गणेश चतुर्थी के अवसर पर होने वाले गणेश महोत्सव कार्यक्रम को लेकर मां गायत्री मंदिर दिलेर गंज से गणपति बप्पा की शोभायात्रा निकाली गई। बुधवार को पूर्वाह्न शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात गणपति बप्पा के जयकारों के बीच यह शोभायात्रा स्टेट बैंकए बड़ी बाजारए सदर बाजारए घंटाघरए सराफ बाजारए चौक होते हुए राम वाटिका पहुंची जहां पर विधि विधान से गणपति बप्पा की मूर्ति का पूजन अर्चन करके स्थापित किया गया। गणेश महोत्सव कार्यक्रम में शाम ०7:00 बजे और सुबह ०7:00 बजे प्रतिदिन महा आरती का आयोजन होगा। उसके बाद मेहमान कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएंगे। शोभा यात्रा के दौरान दीपक वर्मा, विनीत रस्तोगी, अनिल मराठा, रमन गुप्ता, पवन रस्तोगी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## नस्लभेदी नजरिया

यूं तो जब से अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आए हैं विदेशियों, खासकर भारतीयों के खिलाफ अमेरिका में नस्लभेदी नजरिया लगातार अपनाया जा रहा है। पहले आप्रवासी भारतीय कामगारों के खिलाफ कथित अवैध आव्रजन का आरोप लगाकर उन्हें अपमानित करके अमेरिका से निकाला गया। यहां तक कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार करके उत्पीड़न किया गया। उन्हें हथकड़ियां तक लगाई गईं। कभी आदर्श लोकतंत्र व उच्च मानवीय मूल्यों का दंभ भरने वाला अमेरिका आज ट्रंप की नस्लवादी नीतियों से अपनी प्रतिष्ठा खो बैठा है। पिछले दिनों ट्रंप ने आईटी उद्योग व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के शीर्ष पदों पर बैठे भारतीयों को हटाने तक की बात कही थी। तंग नजरिये के राष्ट्रवाद के प्रचार से सत्ता में आए ट्रंप लगातार भारत विरोधी नजरिया अपनाए हुए हैं। अतार्किक टैरिफ उसकी गवाही देते हैं। अब नया मुद्दा अमेरिका को खून-पसीने से सींचने वाले पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ गया। परदेस गए करीब डेढ़ लाख ट्रक ड्राइवरों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। दरअसल, अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में पिछले दिनों एक भारतीय ट्रक चालक द्वारा गलत टर्न लेने से तीन अमेरिकी नागरिकों की मौत को बड़ा मुद्दा बना दिया गया है। उसके बाद अमेरिका में ट्रक चलाने वाले विदेशी चालकों को निशाने पर लिया जा रहा है। दलील दी जा रही है कि अमेरिका में लगातार बढ़ते विदेशी ट्रक चालकों की वजह से अमेरिकी नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ गया है। जिसके चलते विदेशी ट्रक चालकों के वर्क वीजा और कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर रोक लगा दी गई है। जिसके चलते पंजाब से अमेरिका गए करीब डेढ़ लाख पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की जीविका पर संकट पैदा हो गया है। दरअसल, दमखम रखने वाले पंजाबी गबरुओं का सपना रहा है कि अमेरिका में भारी-भरकम कमर्शियल वाहन चलाएं। वे भारत में प्रशिक्षण लेकर किसी भी देश का वीजा हासिल करके बाद में अमेरिका चले जाते हैं। वे महीने में पांच से छह सौ किलोमीटर ट्रक चलाकर पांच-छह लाख तक कमा लेते हैं। नस्लीय नजरिये से ग्रस्त ट्रंप शासन-प्रशासन यह नहीं देख रहा है कि इन ट्रक चालकों ने अमेरिका की समृद्धि में कितना योगदान दिया। इन हृष्ट-पुष्ट पंजाबी गबरुओं का विकल्प तलाशने में अमेरिका को भी खासी परेशानी होगी। वजह यह भी है कि अमेरिका मूल के लोग प्रवासियों की तुलना में भारी-भरकम मेहनताना मांगते हैं। अमेरिका के पास इतनी श्रमशक्ति नहीं है कि वह पंजाबी ट्रक चालकों का सहज विकल्प तलाश सके। लेकिन हकीकत को नजरअंदाज करके भारतीय चालकों को निशाना बनाया जा रहा है। इससे पहले ट्रक चालकों को इस बात को लेकर निशाना बनाया गया कि वे धाराप्रवाह अंग्रेजी नहीं बोल सकते। अंग्रेजी की अनिवार्यता के बाद करीब ढाई हजार लाइसेंस निलंबित किए गए। जाहिर, उनके परिवारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। दलील दी जा रही है कि अमेरिका फर्स्ट की नीति के तहत विदेशी ट्रक चालकों के लिये अंग्रेजी भाषा में दक्षता अनिवार्य है। इतना ही नहीं लाइसेंस जारी करने वाले उन ट्रेनिंग स्कूलों को भी निशाने पर लिया जा रहा है जो कम समय में लाइसेंस जारी कर देते हैं। जैसा कि अपेक्षित था पंजाब की राजनीति में यह मुद्दा जोरशोर से उछलने लगा है। आम आदमी पार्टी, अकाली दल और कांग्रेस के नेताओं ने इस मुद्दे पर विदेश मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनकी मांग है कि प्रवासी भारतीय ड्राइवरों की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। खासकर भारतीय ट्रक चालकों का वर्क वीजा फ्रीज करने के मुद्दे को जोरशोर से उठाने की मांग की जा रही है। जाहिर है ऐसी स्थिति में पंजाबी ट्रक चालकों को नये रोजगार के विकल्प तलाशने होंगे।

आप्रवासी भारतीय कामगारों के खिलाफ कथित अवैध आव्रजन का आरोप लगाकर उन्हें अपमानित करके अमेरिका से निकाला गया। यहां तक कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार करके उत्पीड़न किया गया। उन्हें हथकड़ियां तक लगाई गईं। कभी आदर्श लोकतंत्र व उच्च मानवीय मूल्यों का दंभ भरने वाला अमेरिका आज ट्रंप की नस्लवादी नीतियों से अपनी प्रतिष्ठा खो बैठा है। पिछले दिनों ट्रंप ने आईटी उद्योग व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के शीर्ष पदों पर बैठे भारतीयों को हटाने तक की बात कही थी। तंग नजरिये के राष्ट्रवाद के प्रचार से सत्ता में आए ट्रंप लगातार भारत विरोधी नजरिया अपनाए हुए हैं। अतार्किक टैरिफ उसकी गवाही देते हैं। अब नया मुद्दा अमेरिका को खून-पसीने से सींचने वाले पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ गया।

## धर्मनिरपेक्षता भारत की स्वस्थ परंपरा एवं आंतरिक मजबूती

संजीव ठाकुर

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत हैस धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है, जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैस धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है,इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है। इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग हैस भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना हैस पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं, धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है, भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैस प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है, भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है, भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्ज़ा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करेंस भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैस धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता हैस भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता हैस हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें, आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था, स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं, और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है, भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है, भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया हैस भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है।इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है, भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगास भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगास भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया हैस न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं, किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है । इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता हैस यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है ।भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्वत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है।

धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग हैस भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना हैस पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं, धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है, भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता हैस प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है, भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है, भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्ज़ा प्रदान किया गया है।

## पृथ्वी, जल, वायु और आकाश की तरह अनंत है क्षमा भावना

संदीप सृजन

भारत की गौरवशाली वांग्मय परम्परा के प्रमुख दर्शन जैन दर्शन और वैदिक दर्शन, दोनों ही भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के प्रमुख स्तंभ हैं, जो क्षमा को आत्म-उन्नति का माध्यम मानते हैं। जैन दर्शन में क्षमा अहिंसा का अभिन्न अंग है, जबकि वैदिक दर्शन में यह धर्म और मोक्ष का आधार है। क्षमा भावना मनुष्य में देवत्व की प्रतिष्ठा करती है यह कथन मानव जीवन की गहन सत्यता को उजागर करता है। क्षमा, जो क्रोध, द्वेष और प्रतिशोध की जंजीरों से मुक्त करती है, मनुष्य को उसकी आंतरिक दिव्यता की ओर ले जाती है। क्षमा कोई कमजोरी नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है। जैन और वैदिक ग्रंथों में क्षमा को आत्म-शुद्धि का साधन माना गया है। जैन दर्शन में यह कर्म-बंधन से मुक्ति का मार्ग है, जबकि वैदिक परंपरा में यह ब्रह्म-ज्ञान की प्राप्ति का माध्यम। जैन दर्शन, जो अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद पर आधारित है। क्षमा यहां अहिंसा का विस्तार है। जैन ग्रंथों जैसे 'उत्तराध्ययन सूत्र' और 'तत्वार्थ सूत्र' में क्षमा को 'क्षांति' कहा गया है, क्षांति का अर्थ है सहनशीलता और क्षमा। जैन मतानुसार, मनुष्य का जीवन कर्मों से बंधा है। क्रोध और द्वेष जैसे विकार नए कर्मों को आकर्षित करते हैं, जो आत्मा को जन्म-मरण के चक्र में बांधते हैं। क्षमा इन विकारों को नष्ट करती है, और आत्मा को कैवल्य (मोक्ष) की ओर ले जाती है। जैन दर्शन में क्षमा को 'सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र' के त्रिरत्नों के अंतर्गत रखा गया है। उदाहरणस्वरूप, महावीर स्वामी ने अपने जीवन में अनेक कष्ट सहे, लेकिन कभी प्रतिशोध नहीं लिया। जब एक सर्प ने उन्हें डसा, तो उन्होंने क्षमा भाव से कहा, ''यह इसका कर्म है।'' यह घटना दर्शाती है कि क्षमा मनुष्य को देवत्व प्रदान करती है, क्योंकि देवता क्रोध से मुक्त होते हैं। जैन साहित्य में 'प्रतिक्रमण' अनुष्ठान है, जिसमें व्यक्ति अपने पापों के लिए क्षमा मांगता है। यह अनुष्ठान आत्म-शुद्धि का माध्यम है। जैन दर्शन क्षमा को चार प्रकारों में वर्गीकृत करता है: क्रोध न करना, क्रोध होने पर उसे नियंत्रित करना, अपराधी को क्षमा करना, और स्वयं को क्षमा करना। 'आचारांग सूत्र' में वर्णित है कि क्षमा से जीव अहिंसा का पालन करता है, जो सभी जीवों के प्रति समानता का भाव जगाता है। क्षमा जैन दर्शन में सामाजिक सद्भाव का भी साधन है। जैन समाज में क्षमा के माध्यम से संघर्षों का समाधान किया जाता है। उदाहरण के लिए, जैन मुनि कभी विवाद में नहीं पड़ते, वे क्षमा भाव अपनाते हैं। यह दर्शन बताता है कि मनुष्य जन्म से देव नहीं होता, लेकिन क्षमा जैसे गुणों से देवत्व अर्जित कर सकता है। जैन दर्शन की यह शिक्षा आज के संघर्षपूर्ण विश्व में प्रासंगिक है, जहां क्षमा शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। वैदिक दर्शन, जो वेदों, उपनिषदों, पुराणों और स्मृतियों पर आधारित है, क्षमा को 'क्षमा' या 'तितिक्षा' के रूप में वर्णित करता है। ऋग्वेद में कहा गया है: ''क्षमां भूमिः क्षमां जलं, क्षमां वायुः क्षमां आकाशं'' अर्थात क्षमा पृथ्वी, जल, वायु और आकाश की तरह अनंत है। वैदिक मतानुसार, मनुष्य ब्रह्म का अंश है, लेकिन माया और अविद्या से ढका हुआ। क्षमा इन आवरणों को हटाती है, और आत्मा को ब्रह्म से एकाकार करती है, जो देवत्व है। वैदिक दर्शन में क्षमा को धर्म का अभिन्न भाग माना गया है। मनुस्मृति में लिखा है: ''क्षमा धर्म का मूल है।'' क्षमा से मनुष्य अपने विकारों पर विजय प्राप्त करता है, और देवत्व की ओर बढ़ता है। उपनिषदों में, जैसे बृहदारण्यक उपनिषद में, क्षमा को 'तप' का रूप कहा गया है। वैदिक दर्शन में क्षमा 'कर्म योग' का भाग है, जहां कर्म फल की अपेक्षा न करके क्षमा की जाती है। यह भावना मनुष्य को उसके अहंकार से मुक्त करती है, और ब्रह्म-ज्ञान प्रदान करती है। जैन और वैदिक दर्शन दोनों ही क्षमा को आत्म-उन्नति का साधन मानते हैं, दोनों दर्शन क्षमा को विकार-नाशक मानते हैं। जैन के 'क्षांति' और वैदिक के 'तितिक्षा' समान हैं। दोनों में क्षमा मोक्ष का मार्ग है। क्षमा भावना मनुष्य में देवत्व की प्रतिष्ठा करती है, जैसा जैन और वैदिक दर्शन सिखाते हैं। जैन में यह अहिंसा का फल है, वैदिक में धर्म का। दोनों से प्रेरणा लेकर, हम क्षमा अपनाकर दिव्य जीवन जी सकते हैं। क्षमा से ही विश्व शांति संभव है। अंत में, क्षमा अपनाएं, देवत्व प्राप्त करें।

जैन दर्शन, जो अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद पर आधारित है। क्षमा यहां अहिंसा का विस्तार है। जैन ग्रंथों जैसे 'उत्तराध्ययन सूत्र' और 'तत्वार्थ सूत्र' में क्षमा को 'क्षांति' कहा गया है, क्षांति का अर्थ है सहनशीलता और क्षमा। जैन मतानुसार, मनुष्य का जीवन कर्मों से बंधा है। क्रोध और द्वेष जैसे विकार नए कर्मों को आकर्षित करते हैं, जो आत्मा को जन्म-मरण के चक्र में बांधते हैं। क्षमा इन विकारों को नष्ट करती है, और आत्मा को कैवल्य (मोक्ष) की ओर ले जाती है। जैन दर्शन में क्षमा को 'सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र' के त्रिरत्नों के अंतर्गत रखा गया है। उदाहरणस्वरूप, महावीर स्वामी ने अपने जीवन में अनेक कष्ट सहे, लेकिन कभी प्रतिशोध नहीं लिया। जब एक सर्प ने उन्हें डसा, तो उन्होंने क्षमा भाव से कहा, ''यह इसका कर्म है।'' यह घटना दर्शाती है कि क्षमा मनुष्य को देवत्व प्रदान करती है, क्योंकि देवता क्रोध से मुक्त होते हैं। जैन साहित्य में 'प्रतिक्रमण' अनुष्ठान है, जिसमें व्यक्ति अपने पापों के लिए क्षमा मांगता है। यह अनुष्ठान आत्म-शुद्धि का माध्यम है। जैन दर्शन क्षमा को चार प्रकारों में वर्गीकृत करता है: क्रोध न करना, क्रोध होने पर उसे नियंत्रित करना, अपराधी को क्षमा करना, और स्वयं को क्षमा करना। 'आचारांग सूत्र' में वर्णित है कि क्षमा से जीव अहिंसा का पालन करता है, जो सभी जीवों के प्रति समानता का भाव जगाता है।

## पंजाब में चिंता का विषय बन रही है हृदय रोगी बच्चों की बढ़ती संख्या

सुभाष आनंद

आर.टी.आई इंफॉर्मेशन के अनुसार पंजाब में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का इलाज का दायित्व पंजाब सरकार स्वयं उठा रही है। जो बच्चे हृदय रोग से पीड़ित हैं ,उनके लिए यह सरकार बड़ी राहत के रूप में आ रही है। पिछले तीन वर्षों में पंजाब का स्वास्थ्य विभाग हृदय रोगी बच्चों के लिए विशेष अभियान चला रहा है। हृदय के ब्लॉकेज को खोलने के लिए पंजाब के विशेषज्ञ अस्पतालों से अनुबंध किया है, साथ ही सीरियस केसों के लिए गुरुद्वारे के स्पेशल अस्पतालों से भी अनुबंध किया हुआ है। पंजाब में जिन बच्चों के हृदय में ब्लाकेज है, उनके लिए मेट्रो सिटी में खास प्रबंध किए जा रहे हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब की पी.जी.आई में 528 केस अन्य विभागों को ट्रांसफर हो चुके हैं जिनमें 7 फीसदी से ज्यादा अति गंभीर हैं जबकि 93 फीसदी नॉर्मल है। मरीजों की लंबी लिस्ट होने के कारण इनकी बारी आने में 6 से 7 महीने तक लग जाते हैं। वहीं विभिन्न विभिन्न विभागों में काम करने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ दिनेश चड्ढा का कहना है कि हमारे पास हृदय में छेद वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है , जो गंभीर चिंता का विषय है। हम एक दिन में केवल 5 से 6 बच्चों का ही ऑपरेशन कर पाते हैं। अन्य राज्यों से भी यहां हृ्दय रोगी बच्चे आते हैं। इसी कारण स्थानीय बच्चों के इलाज में भी समय तो लगता ही है। वहीं डॉक्टर प्रतिभा सिंह का कहना है कि कभी-कभी इमरजेंसी में भी ऑपरेशन करना पड़ता है। आरटीआई में पंजाब सरकार जो सूचनाएं दे रही है उसको कोर्ट में चैलेंज किया गया है ,स्कूली बच्चों के प्राथमिकता से इलाज के लिए हाईकोर्ट में एक रिट अभी-अभी डाली गई है ,जिसका फैसला अभी आना है। पंजाब के नामी अस्पताल हाईकोर्ट में फर्जी एफिडेविट डाल रहे हैं , जिसका सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा नोटिस लिया, कई प्राइवेट अस्पतालों के लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं ,कई नए अस्पतालों को कुछ महीनों तक रद्द किया जा रहा है। पंजाब के सतगुरु राम गुरु सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल लुधियाना में बच्चों को भर्ती नहीं किया जाता, क्योंकि वह पंजाब सरकार की सरकारी लिस्ट में नहीं है। राष्ट्रीय बाल विकास योजना की गाइडलाइन के अनुसार 31 बीमारियों के लिए बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। एक बच्चे के दिल के इलाज पर सरकार 70 हजार से एक लाख 20 हजार रुपए खर्च कर रही है। जिन बच्चों के दिल में छेद है ,उनकी स्क्रीनिंग, इलाज और सर्जरी के लिए 18 वर्ष की उम्र होने तक फॉलोअप किया जाता है। आम आदमी पार्टी फिरोजपुर के एक नेता ने कहा कि सरकार की यह स्कीम गरीब लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। गरीब बच्चों को महंगे अस्पतालों में बढ़िया इलाज मिल रहा है ,प्राइवेट हॉस्पिटलों में भी बच्चों का बढ़िया इलाज हो रहा है,दिल की बीमारी से जूझ रहे बच्चों के इलाज का खर्च सरकार स्वयं उठा रही है। वहीं मास्टर मदनलाल का कहना है कि आम आदमी पार्टी का यह अच्छा कदम है ,जिससे समाज के हर वर्ग को मदद मिल रही है। कागजों पर तो सभी योजनाएं अच्छी लगती हैं। यह योजना भी ऐसी ही है। अनेक बच्चों का इस योजना में इलाज भी हुआ है और अब वे स्वस्थ भी हैं लेकिन साथ ही अब यह शिकायत आई है कि इस योजना में भी राजनीतिक दखलंदाजी होने लगी है। अब आरोप है कि विधानसभा के सदस्य बच्चों के ह्दय के छेद को बंद करने के लिए जिनकी सिफारिशें करते है, इलाज में उन्हीं बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। वहीं पंजाब के कई मेडिकल विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि हमारी रिपोर्ट को कोई महत्व नहीं दिया जाता। वहीं नूरपुर बेदी के एक स्पेशलिस्ट ने सीधे सीधे भगवंत मान पर आरोप लगाया कि पिछले वर्ष अगस्त में मैंने एक दलित जाति के पांचवी कक्षा के बच्चे की सर्जरी की सिफारिश की थी, लेकिन वहां के विधायक की सिफारिश ना होने के कारण बच्चे की मौत हो गई। जिसके लिए भगवंत मान सरकार को दोषी मानकर उन पर कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। बताया गया है कि धर्मकोट के 14 वर्षीय दलित बच्चे को हृदय में ब्लाकेज की शिकायत थी, जिसके इलाज के लिए धर्मकोट की पंचायत ने सीधे मुख्यमंत्री मान से अनुरोध किया था ,लेकिन दस महीने तक उसकी फाइल सरकारी दफ्तरों में बंद रही, जिसके कारण समय पर इलाज न मिलने से उस बच्चे की मृत्यु हो गयी। गर्भवती महिलाओं के गलत खानपान, शराब पीने और सिगरेट का सेवन करने से बच्चों के दिल में छेद होने की ज्यादा संभावनाएं होती है। छोटे-छोटे छेदों को सलंग के द्वारा बंद कर दिया जाता है जबकि बड़े-बड़े छेदों को भरने के लिए ओपन हार्ट सर्जरी करनी पड़ती है। वही विशेषज्ञों का कहना है कि पंजाब में 1000 बच्चों के पीछे 6 केस ऐसे आ रहे हैं। इन बाल हृदय रोगियों में से कई के पिता को कोई बीमारी नहीं होती। लेकिन यदि मां के हृदय में कोई बीमारी है तो उसका प्रभाव बच्चों के शरीर पर पड़ रहा है। यदि माता गर्भावस्था में दवाइयां ले रही है तो उसका असर भी बच्चों पर पड़ सकता है। यह देखा गया है कि यदि परिवार की स्त्रियां सिगरेट और शराब का प्रयोग करती है तो उनके बच्चों को ऐसी समस्या आ सकती है। वहीं डॉक्टर बागी का कहना है कि यदि छोटी उम्र में छेद भर जाए तो हृदय का वाल्व सही हो जाता है और बच्चों का विकास भी ठीक होता है।

पंजाब में जिन बच्चों के हृदय में ब्लाकेज है, उनके लिए मेट्रो सिटी में खास प्रबंध किए जा रहे हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब की पी.जी.आई में 528 केस अन्य विभागों को ट्रांसफर हो चुके हैं जिनमें 7 फीसदी से ज्यादा अति गंभीर हैं जबकि 93 फीसदी नॉर्मल है। मरीजों की लंबी लिस्ट होने के कारण इनकी बारी आने में 6 से 7 महीने तक लग जाते हैं। वहीं विभिन्न विभिन्न विभागों में काम करने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ दिनेश चड्ढा का कहना है कि हमारे पास हृदय में छेद वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है , जो गंभीर चिंता का विषय है। हम एक दिन में केवल 5 से 6 बच्चों का ही ऑपरेशन कर पाते हैं। अन्य राज्यों से भी यहां हृदय रोगी बच्चे आते हैं। इसी कारण स्थानीय बच्चों के इलाज में भी समय तो लगता ही है। वहीं डॉक्टर प्रतिभा सिंह का कहना है कि कभी-कभी इमरजेंसी में भी ऑपरेशन करना पड़ता है। आरटीआई में पंजाब सरकार जो सूचनाएं दे रही है उसको कोर्ट में चैलेंज किया गया है ,स्कूली बच्चों के प्राथमिकता से इलाज के लिए हाईकोर्ट में एक रिट अभी-अभी डाली गई है ,जिसका फैसला अभी आना है। पंजाब के नामी अस्पताल हाईकोर्ट में फर्जी एफिडेविट डाल रहे हैं , जिसका सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा नोटिस लिया, कई प्राइवेट अस्पतालों के लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं ,कई नए अस्पतालों को कुछ महीनों तक रद्द किया जा रहा है। पंजाब के सतगुरु राम गुरु सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल लुधियाना में बच्चों को भर्ती नहीं किया जाता, क्योंकि वह पंजाब सरकार की सरकारी लिस्ट में नहीं है। राष्ट्रीय बाल विकास योजना की गाइडलाइन के अनुसार 31 बीमारियों के लिए बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है।

# सीडीओ ने लाभार्थियों को वितरित किए एग कार्ट

- शहर के पशु चिकित्सा कार्यालय परिसर में 10 लाभार्थियों को किया गया वितरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। शहर के पशु चिकित्सा कार्यालय परिसर में केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आई ए एस ,मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने सरकार द्वारा स्व रोजगार डंडी की प्राथमिकता के क्रम में गरीबों को रोजगार प्रदान करने और उनके मनोबल को बढ़ावा देने के क्रम में जिले के 10 अंडा विक्रेताओं /लाभार्थियों को एग कार्ट का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने




मुख्य अतिथि सी डी ओ कृति राज ने लाभार्थियों से कहा कि आप को यह कार्ट दिया जा रहा है जिससे आपका जीविकोपार्जन है सके आप लोग मेहनत और लगन से अपने व्यवसाय में उन्नति करे ।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर महावीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा विभाग द्वारा एन आई सी सी एन जी ओ का द्वारा सर्वे किया गया था जिसके बाद पात्रों को आज यह कार्ट वितरण किया गया है ।

उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डाक्टर संजय चतुर्वेदी ने आए हुए दोनों अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर और अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। पात्रों में मियागंज के अनिल राठौर , हिमांशु राठौर सोहित और आकाश राठौर, गंज मुरादाबाद के राम बाबू,सफीपुर के गौरव भारती,जय दीप सिंह,चन्द्र पाल,दिनेश, रावेंद्र कुमार ने कार्ड पाकर अधिकारियों को धन्यवाद दिया। कार्यकम में एन आई सी सी के सुभाष चन्द्र त्रिपाठी ने पात्रों को कार्ट के उपयोग की जानकारी दी । इस मौके पर विजय शुक्ला ,दिनेश पटेल , सेवा निवृत रवींद्र शुक्ला कमलेश मिश्रा कुन्नु सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे ।

## 30वें धनुष भंग लीला का किया गया मंचन

शुक्लागंज- उन्नाव। पोनी रोड तिराहा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार रात 30वें धनुष भंग लीला का भव्य मंचन किया गया, जो बुधवार सुबह तक चला। इस मंचन में देश के नामचीन कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े। रामलीला का शुभारंभ होते ही दर्शकों में उत्साह भर गया। मंच पर जैसे ही भगवान श्री राम ने जनकपुरी में माता सीता के स्वयंवर के दौरान भगवान शिव के धनुष को तोड़ा, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही भगवान परशुराम क्रोध में मंच पर प्रकट हुए। उनका क्रोध देखकर सभी राजागण भयभीत हो गए। परशुराम के क्रोध को शांत करने के लिए भगवान राम ने विनम्रता से कहा कि जिसने यह धनुष तोड़ा है, वह उनका ही कोई सेवक होगा। लेकिन, राम के छोटे भाई लक्ष्मण को परशुराम का क्रोध अच्छा नहीं लगा और उन्होंने परशुराम को करारा जवाब दिया। इस संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# गणेश चतुर्थी पर सात दिवसीय गणेश प्रतिमा का हुआ स्थापना

- श्रद्धा, उल्लास और राष्ट्रीय एकता का उत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज, उन्नाव में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर देश के विभिन्न कोनों से अध्ययन हेतु आए मेडिकल छात्रों द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव एवं उत्साह के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की सात दिवसीय स्थापना की गई। इस शुभ आयोजन का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव द्वारा विधिवत पूजन के साथ किया गया। संस्थान परिसर में भक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सौहार्द्र का वातावरण बना रहा। छात्र-छात्राओं में विशेष उल्लास देखा गया, वहीं संस्थान के चिकित्सक शिक्षकों एवं समस्त कर्मियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाकर इस गणेश उत्सव को भव्य और प्रेरणादायक रूप प्रदान किया।



इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के साथ सहभागिता की, जिससे यह उत्सव एक राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बन गया। सभी ने ह्लबप्पा मोरयाङ्क के जयघोष के साथ सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि संस्थान में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है।इस दौरान मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्या, रजनीश सिंह, प्रियांशु श्रीवास्तव, धर्मेंद्र वर्मा,अभिषेक सिंह,धीरज सिंह,नेहा तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को दिये नियुक्ति पत्र



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। विकास भवन सरस हाल में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नव चयनित मुख्य सेविकाओं को जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता व उ.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य जितेन्द्र कुमार द्वारा नियुक्ति-पत्र वितरित किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ।

इस दौरान जनपद से चयनित आठ मुख्य सेविका वर्षा सिंह, प्रियंका यादव, वंदना मिश्रा, प्रीति यादव, रितु, सुष्मिता सिंह, ज्योति मिश्रा व नीलम देवी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुई जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं हुए कहा कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने में आप सब की अहम भूमिका है। आप लोग अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के बीच सेतु का कार्य करती हैं।

पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि आप लोगों को बड़े भाग्य से यह अवसर मिला है। यह नियुक्ति-पत्र नही बल्कि यह सम्मान पत्र है। अपने कार्य क्षेत्र में जाएं तो कर्तव्य पथ पर रहें। अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। व्यक्ति अपने अच्छे कार्यों से ही समाज में अपनी अलग पहचान बनाता है। मुख्य विकास अधिकारी ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि जहां पर भी आपकी तैनाती हो वहां पर अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर अपनी एक अलग पहचान बनाएं।

# गणेश चतुर्थी पर घरों तथा पंडालों में विराजित हुए गणपति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सफीपुर-उन्नाव। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता श्रीगणेश का मंदिरों और पंडालों और घरों में भगवान गजानन की मूर्ति स्थापना विधि विधान से पूजा करके की गई। कस्बे के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क स्थित भव्य पंडाल में भी सफीपुर के राजा के रूप में विघ्नहर्ता श्री गणपति जी की भव्य मूर्ति का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर छह दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि 17 वर्ष पूर्व कस्बे के ही राम विमल और दीपक विमल एवं उनके सहयोगियों द्वारा शुरू किया गया। सार्वजनिक गणेश महोत्सव की परंपरा अब भव्य स्वरूप ले चुका है।सार्वजनिक गणेश महोत्सव सेवा समिति के बैनर तले सैकड़ों श्रद्धालुओं के सहयोग से यह कार्यक्रम बड़े पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है। जहाँ क्षेत्रीय भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर इस समिति के संरक्षक है।यह आयोजन 1 सितम्बर तक प्रतिदिन रहेगा



जहाँ प्रतिदिन आकर्षक झाकिया, जागरण एवं सुंदरकांड जैसे धार्मिक आयोजन होंगे प्रथम दिवस के अवसर पर नगर के कमलेश गुप्ता,धर्मेंद्र मिश्रा,भानू सिंह,अनुज दीक्षित,नृपेंद्र शुक्ला, सतेन्द्र शुक्ला,धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह,नन्हा सिंह,सौरभ तिवारी, विकास सिंह ठाकुर, राजू श्रीवास्तव,धर्मेंद्र कुशवाहा,अनुराग तिवारी,अनुज गौड़, सिद्धार्थ दीक्षित,राजू चौहान, सोनू श्रीवास्तव, उमेश सिंह समेत कई गणमान्य लोग पंडाल पहुँचे।सभी ने गजानन का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी और लोककल्याण की कामना की।कार्यक्रम के मुख्य सहयोगियों में आशीष कनौजिया,राहुल गुप्ता, बलराम विश्वकर्मा, गोल्डी सेंगर,अन्नू मौर्या और विक्की कनौजिया ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पंडाल पहुँचकर गणेश महोत्सव की शोभा बढ़ाने की अपील की।

## गणेश चतुर्थी पर विराजित हुए लोक नगर के राजा



उन्नाव। सभी देवताओं में श्रेष्ठ, ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के देवता तथा माता पार्वती जी के प्रिय पुत्र श्री गणेश जी के जन्मोत्सव के पावन पर्व गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर नर सेवा नारायण सेवा के पदाधिकारी राकेश राजपूत के आवास निकट चौधरी खजान सिंह कालेज लोकनगर पर आयोजित गणेश चतुर्दशी महोत्सव के लिए आज भगवान श्री गणेश जी को नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी नर सेवा नारायण सेवा के कार्यकर्ताओं के साथ ढ़ोल नागाड़ो के साथ लोक नगर में कुम्हारों के यहां से मिट्टी के श्री गणेश जी लाते हुए विमल द्विवेदी ने कहा स्वदेशी अपनाए शुभकर्ता, रिद्धि-सिद्धि के दाता, भगवान श्री गणेश आप सभी को सुख, शांति, समृद्धि व आरोग्य का आशीष प्रदान करें। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, ज्योती राजपूत, पूर्व सैनिक ऐ के दीक्षित, आर के मिश्रा, गायत्री परिवार कमलेश बाजपेई, अभिषेक तिवारी, सुरेश राजपूत आदि भक्त उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नवीन गंगापुल पर रात को चल रहे भारी वाहनों पर नियंत्रण के लिए दिया ज्ञापन

शुक्लागंज-उन्नाव। कानपुर से जोड़ने वाला नवीन गंगापुल जिस पर देर रात होते ही सुबह तक भारी वाहनों का आवागमन जारी रहता है। जिसमें मुख्य रूप से कानपुर से फ्री में मालवा लाकर ट्रैक्टर पूरी रात बिना फिटनेस ,बिना लाइसेंस ,बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर दौड़ते नजर आते हैं। इसके अलावा मौरंग भरे हुए ओवरलोड डंफ़र ,ट्रक और मिट्टी के डंफ़रों का आवागमन बिना डर के जारी रहता है। गंगाघाट का पुराना पुल बंद हो जाने के कारण आम जनता को वर्षों से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बचा हुआ एकमात्र गंगा पुल जिस पर ईतने भारी वाहनों का आवागमन होने से जल्द ही वह भी हो सकता है। बीच पुल में एक जगह तो क्षतिग्रस्त हो चुका है क्षेत्रीय समाजसेवीयों द्धारा मरम्मत किया गया क्षतिग्रस्त पुल के किनारे बनी हुई रेलिंग भी जगह-जगह से टूट रही है। क्षतिग्रस्त होने की लगातार सूचना देने पर कार्यवाही न होने के कारण मंगलवार को जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष सूरज मिश्रा ने जनता हित को दृष्टीगत रखते हुए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग उन्नाव के एच.सी. यन अहिरवार जी को ज्ञापन देकर संभावित दुर्घटनाओं से अवगत कराया और भारी वाहनों के अवैध प्रवेश पर नियंत्रण के लिए ज्ञापन दिए जाने पर अधिशासी अभियंता ने आश्वासन देते हुए कोतवाली गंगाघाट एवं आर.टी.ओ को सूचित कर भारी वाहनों पर नियन्त्रण करने और भारी वाहनो पर रोक लगाए जाने का आश्वासन दिया।

## उर्वरक वितरण पर कड़ी निगरानी दुकानो का किया गया निरीक्षण

बांदा। खरीफ सीजन हेतु उर्वरकों की बिकी जनपद में लगातार जारी है। मांग के अनुसार जनपद में उर्वरक की आपूर्ति भी हो रही है और खाद की पर्याप्त उलब्धता है। जनपद में इस समय 4675 मी.टन यूरिया एवं 1286 मी.टन डीएपी तथा 1037 मी.टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है, जिसका वितरण निजी विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा दुकानों एवं समितियों का निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार द्वारा बिलगांव एवं बिसण्डा में चल रही निजी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिससे दुकानों पर उर्वरकों की उपलब्धता एवं स्टाक आदि का मिलान किया गया। महेश खाद बीज भण्डार, बिलगांव के द्वारा स्टाक एवं वितरण रजिस्टर नहीं पूरा किया गया था इसलिये उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। धीरेन्द्र ट्रेडर्स बिलगांव एवं साहू बीज भण्डार बिलगांव, अन्नपूर्णा खाद बीज भण्डार मौके पर बन्द पाये गये, जिन्हें दुकान बन्द करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बिसण्डा स्थित दुकान लल्लू खाद बीज भण्डार का भी औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर यूरिया एवं डी0ए0पी0 का वितरण सुचारू रूप से पाया गया। मौके पर उपस्थित किसानों को बताया गया कि किसी ऐसी जगह से उर्वरक न खरीदें जहाँ बिना पॉश मशीन के एवं बिना रेटबोर्ड लगी हुई स्थान पर बिकी किया जा रहा है। साथ ही अपील की गयी कि ऐसे अवैध उर्वरक भण्डार एवं वितरण की सूचना तत्काल जिला कृषि अधिकारी या जिला प्रशासन को दें। अधिनियम 1955 के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करायी जायेगी।

## पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि कल 26 अगस्त 25 को थाना तिंदवारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम धौसड़ में एक व्यक्ति द्वारा पारिवारिक कलह के कारण अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिंदवारी में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धौंसड़ के बाहर बनी पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया ।

# तहसील सिराथू में कैम्प लगाकर 269 निर्विवादित वरासत प्रकरण किये गये निस्तारित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ की अध्यक्षता में तहसील सभागार सिराथू में निर्विवादित वरासत निस्तारण विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार अनंतराम अग्रवाल द्वारा राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर ही सुनवाई कर 269 वरासत के प्रकरण निस्तारित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप निर्विवादित वरासत प्रकरणों को विशेष कैंप आयोजित कर निस्तारित किया जा रहा है जिससे लोगों को वरासत संबंधी मामलों के लिए बार-बार तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। इन दौरान मौके पर ही अधिकतर लोगों को खतौनी भी प्रदान किया गया।

# प्रदेश स्वस्थ्य होगा तो तेजी से विकास के साथ देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा: रामकेश निषाद

- मुख्य सेविकाओं व फार्मासिस्टों को राज्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्य नाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश में 2425 मुख्य सेविकाओं एवं 12 फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्टेझट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इसी के साथ जनपद के नवनियुक्त प्रन्द्रह मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा द्वारा किया गया।



उक्त कार्यक्रम में प्रदेश की जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सभी नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त अभियान प्रदेश में चलाया गया है। प्रदेश में कई भर्तियां निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई हैं। उन्होंने मुख्य सेविकाओं से कहा कि क्षेत्र में जाकर अपने नये दायित्वों का निर्वहन बखूबी करें और आंगनबाडी केन्द्रों को बनायें। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकाओं की गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं बच्चों के टीकाकरण को सुचारू रूप से सम्पादित करना मुख्य कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्वस्थ्य होगा तो तेजी से विकास के साथ देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा। जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने मुख्य सेविकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण समय है, जिससे महिलाओं की सेवा का महिला सशक्तिकरण कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सेविकायें सुपरवाइजरों एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों के कार्यों का पर्यवेक्षण के कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के कार्यों को समझाने एवं जागरूक करने की जिम्मेदारी होगी, इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। उन्होनें कहा कि अपनी सेवायें पूर्ण ऊर्जा एवं मेहनत तथा ईमानदारी के साथ सम्पादित करें। कार्यक्रम में पन्द्रह नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा वितरण किया गया, जिसमें क्रमशः आरती देवी, महिमा सिंह, शालिनी, काजल देवी, शिवानी, आरती सोनकर, महिमा त्रिपाठी, हिना जबी आदि को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सीडीपीओ, आंगनबाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चांदमारी ने 25 पाइंट्स से जीता फाइनल मुकाबला

- कबड्डी प्रतियोगिता में 8टीमों ने किया था प्रतिभाग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जिला स्तरीय बालक बालिका कबड्डी का करिया नाला गेट स्थित प्रांगण में हुआ आयोजन। जिसमें 8 टीमों ने पुलिस लाइन, जे.के.स्टार, चांदमारी, कृषि विश्वविद्यालय, बबेरू, भागवत प्रसाद पव जे.एन.कालेज0 आदि टीमों ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का पहला मैच जे के स्टार और पुलिस लाइन के मध्य हुआ जिसमें पुलिस लाइन विजेता रही, दूसरा मैच चांद मेरी और कृषि विश्वविद्यालय के बीच हुआ जिसमें जानकारी ने विजय हासिल की, तीसरा मैच बबेरू और भगवत प्रसाद के मध्य हुआ जिसमें बबेरू



विजेता रही। वहीं सेमीफाइनल में बबेरू और जैन कॉलेज के मध्य प्रदेश खेला गया जिसमें जे एन कॉलेज टीम ने जीत दर्ज की। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पंडित जे.एन.कॉलेज एवं चांदमारी के मध्य हुआ जो एक तरफा मुकाबले रहा 42/17 के बड़े अंतर से चांदमारी ने जे.एन.कॉलेज को पराजित कर फाइनल मुकाबला जीता। विनर, रनर टीम को जिला कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं आगंतुको ने पुरस्कार धनराशि,शील्ड,गिफ्ट आदि सभी को देकर सम्मानित किया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने सभी आगंतुकों को माल्यार्पण एवं शाल भेंट स्वागत कर सम्मानित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल यादव, जिला कबड्डी एसोसिएशंस मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना,प्रो़फ़ेसर जे एन कॉलेज एम डी यादव, लेखपाल कैलाश चंद्र जी, ज्ञानचंद शुक्ला जी, पूर्व कबड्डी खिलाड़ी फरीद बाबा,मुमताज अली वरिष्ठ कंग्रेसी नेता,राजेश दीक्षित जिलाध्यक्ष कंग्रेस,शाहिद अन्ना पूर्व मंत्री छात्र संघ,पूर्व सभासद जुगनू खान,आरिफ चीपा,शानू खान मुन्ना यादव,ताहिर खान चिंटू,गौतम शर्मा,शारीक रवि यादव शाहिद तमाम संभ्रांत नगर निगम कबड्डी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक दंगल का भव्य आयोजन

बांदा। ग्राम पंचायत घुरौंडा में तीज के पावन पर्व की परंपरा पर ऐतिहासिक दंगल का भव्य आयोजन किया गया ! हमारे इस पर्व से ग्रामीण अंचलों में दंगल की शुरुआत होती है। पूर्वजों के द्वारा अनगिनत ऐसे उत्सव बनाए गए थे जिससे आपस में सद्भावना बनी रहे साथ ही लोगों के अन्दर एक दूसरे से मिलने का उत्साह बना रहे। आयोजन का संचालन प्रिय भाई नरेंद्र शुक्ला के द्वारा किया गया व सभी पहलवानों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप पूर्व प्रधान महेंद्र तिवारी, व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामराज गुप्ता एड. अरुण सिंह व रेफरी की भूमिका निभा रहे रमेश त्रिवेदी का सहयोग व स्नेह प्राप्त हुआ। साथ ही आयोजन में प्रमुख रूप से भोला शुक्ला, पूर्व पहलवान बुद्ध विलास खंगार, चंद्रपाल कोरी, रामलाल कोरी, रामेश्वर गुप्ता, उदित नारायण शुक्ला, अनिरुद्ध तिवारी, दीपू दीक्षित, संजय राज शुक्ला, भीमा कहार,उमेश खंगार व मातादीन डोमार जी का बहुत ही सराहनीय सहयोग रहा। सैकड़ों की तादाद में दर्शक उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापिका की कारगुजारियों से शिक्षक व अभिभावक परेशान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पपरेन्दा/बांदा। पैलानी तहसील के अम्लोर गांव में स्थित कक्षा एक से कक्षा 8 तक कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापिका किरण मैडम की करगुजारियों के चलते विद्यालय का स्टाफ तथा बच्चों के अभिभावक बेहद परेशान है। कंपोजिट विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक जय प्रताप, राजू, हेमराज, बड़े सिंह, पप्पू प्रजापति, तथा समाजसेवी शिव गोविंद सिंह ने विद्यालय में पिछले 9 साल से कार्यरत प्रधानाध्यापिका किरण की करगुजारियों के चलते आरोप लगाते हुए कहा है कि कंपोजिट विद्यालय की हेड मास्टर किरण जो 12 अगस्त को विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई थी जिसकी शिकायत तत्कालीन एबीएसए तिंदवारी से ग्रामीणों ने की थी जिस पर तत्कालीन एबीएसए ने विद्यालय के स्टाफ का उपस्थिति रजिस्टर तथा स्टाफ का जीपीएस का फोटो मंगवाया था जिस पर उक्त प्रधानाध्यापिका अनुपस्थित पाई गई



थी फिर भी उक्त प्रधानाध्यापिका द्वारा किसी भी प्रकार की आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त प्रधानाध्यापिका के मनमानी के चलते स्कूल का संचालन ठीक ढंग से नहीं चल रहा है जिससे गांव के बच्चों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है आज खंड शिक्षा अधिकारी आभा अग्रवाल द्वारा अम्लोर गांव के कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के पश्चात भी एबीएसए जसपुरा तथा तिंदवारी का चार्ज प्राप्त किया आभा अग्रवाल ने ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का आश्वासन न देकर कहा कि ऐसा तो होता ही रहता है यह आम बात है हम क्या कर सकते हैं यह पावर बीएसए को है।

# खीरी की 64 बेटियां बनीं मुख्य सेविका

- लोक भवन में सीएम योगी ने बांटे नियुक्ति पत्र, थारू जनजाति की 11 बालिकाओं का भी चयन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जिले के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा। राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित खीरी जिले की 64 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खीरी की बालिकाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। विशेष बात यह रही कि सुदूरवर्ती वनक्षेत्र से ताल्लुक रखने वाली थारू जनजाति की 11 बालिकाओं का भी चयन मुख्य सेविका पद पर हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को जनजातीय समाज की बेटियों की मेहनत और बदलते परिवेश का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में खीरी जिले की नवचयनित मुख्य सेविका गुरप्रीत कौर और थारू जनजाति क्षेत्र की पूजा सिंह ने मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने सपनों को नई उड़ान दी। वहीं सुरमा गांव की नंदोराना से मुख्यमंत्री ने संवाद किया। बताते चलें कि डीपीओ भारत प्रसाद की देखरेख में यह सभी 64 नव चयनित मुख्य सेविका लोकभवन पहुंची थी।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बुधवार को जिले की सुरमा गांव की नंदोराना की खुशी देखने लायक थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आमने-सामने संवाद का मौका मिला तो उनकी आंखों में चमक और चेहरे पर आत्मविश्वास झलक उठा। नंदोराना ने बताया कि कठिन हालातों में पढ़ाई जारी रखी। प्रदेश सरकार की पारदर्शी व सूचितापूर्ण भर्ती प्रक्रिया ने उन्हें नया जीवन दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी व पूरी प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया। गौरतलब है कि नंदोराना अब तक शिक्षामित्र के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद वह अब मुख्य सेविका के रूप में कार्यभार संभालेंगी। सुरमा गांव की नंदोराना बताती हैं कि मुख्यमंत्री जी से मिलकर बहुत खुशी हुई। पारदर्शी भर्ती ने हमें सम्मान और नई पहचान दी है। बताते चलें कि लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए।

### डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी नवचयनित मुख्य सेविकाओं को शुभकामनाएं

जनपद की 64 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को लोक भवन में मा.मुख्यमंत्री जी से नियुक्ति पत्र प्राप्त होने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल चयनित मुख्य सेविकाओं की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण भी है। अब आप सब पर बच्चों के पोषण, शिक्षा और समाज में जागरूकता लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से निभाकर आप आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवार सकती हैं।

# डीएम ने की राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

- डीएम बोली, गुणवत्ता और समयबद्धता से हो वाद निस्तारण, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजस्व मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समय सीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

समीक्षा के दौरान उन्होंने धारा 24 (उत्तराधिकार), धारा 34 (नामांतरण), धारा 67 व धारा 116 (सीमांकन) से संबंधित वादों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर मामले का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तिथि निर्धारण व सुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अंत में यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली जनता के विश्वास से जुड़ी है, और इसमें पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वादों की सुनवाई पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ की जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके। इस समीक्षा बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी उपजिलाधिकारी (न्यायिक) शामिल रहे। बैठक का संचालन एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद पुलिस ने अवैध शराब के साथ 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

अजान खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के संनिकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन में थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27 अगस्त को पीतपुर से ग्राम टेढवा जाने वाली पक्की सड़क से अभियुक्त गिरि पुत्र बृहमा गिरि निवासी ग्राम सेमरई थाना हैदराबाद जिला खीरी को एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0 अ0 सं0 304/2025 धारा 60 क्ड्ड एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल महिला उपनिरीक्षक महादेवी- हेड कांस्टेबल संजीव कुमार कांस्टेबल तरुन कुमार रहे ।

### धूम धड़ाके के साथ नगर में निकाली गई गणेश प्रतिमा की हुई स्थापना

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गणेश चतुर्थी शुभ अवसर पर नगर में घर घर गणेश मूर्ति स्थापना को लेकर मची धूम। घरों में स्थापित की गई गणेश की मूर्तियों के अलावा कुछ कमेटियों द्वारा अपने स्तर से खुटार रोड मोहम्मदी रोड सहित कृष्ण वाटिका में धूम धड़ाके के साथ नगर में शोभा यात्रा निकालने की उपरांत गणपति भगवान की मूर्तियां श्रद्धा भाव एवं पूजन पाठ के साथ स्थापित की गई।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी की अगुवाई मे चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी की अगुवाई मे गोला के सभी चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व मे गोला प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह सहित गोला के सभी मार्गो के चौराहो पर सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रिपल राइडिंग विना हेल्मेट लगाये फर्राटा भर रहे बाहर स्वामियों के चालान काटे गये है। जिसके चलते वगैर कागज व हेल्मेट लगाकर चल रहे लोगो मे पुलिस का खौफ देखा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरीक्षक देवेंद्र सिह,राजीव शुक्ला,अरविंद मौर्य,सत्यम बाल्यान, राजन सिंह,महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा,सर्वेश मौर्या सहित तमाम पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### विभिन्न धाराओं के वांछित पांच अभिक्तों को गोला पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार चलाए जा रहे हैं घर पकड़ अभियान के तहत क्षेत्राधिकार गोला के पर्यवेक्षण में चलाए गए डर पकड़ अभियान के तहत गोला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थान से विभिन्न धारा के 5 नफर वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 27 अगस्त दिन बुधवार को समय मौजी राम पुत्र निर्भयराम 48 वर्ष धारा 60 के तहत निवासी जहांपुर, संजीव पुत्र रामपाल 28 वर्ष जहांपुर, हेमंत पुत्र पुत्तीलाल निवासी लक्ष्मणजती, सौरभ कुमार पुत्र गया प्रसाद 26 वर्ष निवासी काशीराम कॉलोनी को धारा 3/25 के तहत उसको घर से गिरफ्तार किया गया। अन्य पांचवा अभियुक्त मोनू पुत्र स्वर्गीय लालाराम 20 वर्ष को नगर के निकटवर्ती ग्राम भुसौरिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त धारा 87/137/ (2) के तहत वांछित था। पकड़े गए अभी यूट्यूब के विरुद्ध नियमन अनुसार विधि करवाई की जा रही है।

### गन्ना क्षेत्र पलिया के अधिकारियों ने गन्ना खेतों में जाकर गुणवत्ता परखी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया एवं गन्ना विकास परिषद पलिया कलां क्षेत्र में चल रहे सर्वे का उप गन्ना आयुक्त राजेश धर द्विदी ने निरीक्षण किया। उप गन्ना आयुक्त ने ग्राम मकनपुर ,नौगवां मझगई में गन्ना कृषकों के प्लॉट पर भ्रमण कर गन्ना फसलों में कीट - रोग के आपतन के प्रभाव का गहन निरीक्षण किया गया। उपस्थित कृषकों ने उप गन्ना आयुक्त महोदय को अवगत कराया कि इस वर्ष तापमान अधिक होने के कारण गन्ना फसल कीट-रोग से प्रभावित नहीं है। उप गन्ना आयुक्त द्वारा कृषकों से संवाद करते हुए सुझाव दिया गया कि मानसून की वर्षा प्रारंभ होने पर वातावरण में आर्द्रता बढ़ने पर कीट एवं रोग का प्रकोप होने की संभावना बन जाती है, इसलिए कृषक गण अपने प्लॉट की देख भाल करते रहे और यदि किसी प्रकार की हानि की संभावना प्रतीत होती है तो उसके बचाव अथवा उपचार के लिए तकनीकी जानकारी हेतु गन्ना विकास विभाग या चीनी मिल कर्मचारी का सहयोग प्राप्त कर सकतें हैं। गन्ना फसल सुरक्षा हेतु कीटनाशक का छिड़काव पोषक तत्व का फसलो में उपलब्धता हेतु मेजर एवं माईनर उर्वरक का छिड़काव कर रहे बूम पावर स्प्रेयर का निरीक्षण किया । उप गन्ना आयुक्त के भ्रमण के दौरान महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर , विशेष सचिव गन्ना समिति सूर्य नारायण द्विदी, जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथलेश कुमार समिति अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी सहित गन्ना विभाग एवं चीनी मिल के फील्ड स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ विराजित हुए गणपति



परियर-उन्नाव।विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गांव में बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को गणेश चतुर्थी पर बड़े हर्षोल्लास के साथ विधि विधान से गणेश प्रतिमा स्थापित कर साथ दिवसीय श्री गणेश महोत्सव प्रारंभ किया गया।गणेश कमेटी के लोगो ने बताया रोज सुबह 8 बजे आरती पूजन व शाम 7 बजे आरती पूजन के बाद संगीतमय भगवान की कथा झांकी आदि भक्तिमय आयोजन होंगे। 2 सितंबर को मूर्ति का गांव भ्रमण के बाद विसर्जन व भंडारा होगा।

# फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया ने रमियाबेहड़ और धौरहरा स्वास्थ्य केंद्रों में दिए आधुनिक उपकरण, मातृ व शिशु सुरक्षा पर जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सिंगाही खीरी। फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली के चेयरमैन विक्रम प्रसाद भल्ला ने बताया कि सुरक्षित डिलिवरी और मातृ व शिशु की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसोसिएशन फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया तथा कानपुर क्लब सिक्सटी फोर के सदस्य एवं विक्रम भार्गव, आलोक गुप्ता, गौरव चंडोक, विवेक महाजन के सहयोग से रमियाबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा धौरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसूति वार्ड में उपयोग होने वाले समस्त आधुनिक उपकरण निःशुल्क दिए गए हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खीरी नेशनल शूटर ठाकुर जीएस सिंह का क्लब के सदस्यों ने स्वागत किया। फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पंकज वत्स, एरिया नाइन के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह, एरिया फाइव के अध्यक्ष अंजुम अरोड़ा और अन्य सदस्यों ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विक्रम प्रसाद भल्ला ने बताया कि रमियाबेहड़ और धौरहरा स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव हेतु उपकरण पुराने हो चुके थे और आधुनिक उपकरणों की कमी थी। इसलिए फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया ने रमियाबेहड़ में समरसेविल 320 फिट, डिजिटल बीपी मशीन, सेक्शन मशीन सिंगल जार, डिजिटल वेट स्केल जैसे उपकरण दिए। धौरहरा में आरो 50 लीटर वाटर कूलर, डिलिवरी बेड मैट्रिस, डिजिटल बीपी मशीन जैसे उपकरण निशुल्क दिए गए। रमियाबेहड़ के अधीक्षक डॉ. एमके शुक्ला और धौरहरा के अधीक्षक रवि सिंह ने इस योगदान के लिए विक्रम भल्ला और उनकी टीम को बधाई दी। विक्रम भल्ला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लिए अच्छा करने की ठान लें तो कोई मुश्किल नहीं है। इस मौके पर डॉ पुष्पेंद्र वर्मा, डॉ एन यू खान, जंग बहादुर राना सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न



अजान खीरी। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की गोला डिपो बस स्टेशन शाखा का चुनाव बड़ी ही शांतिपूर्ण तरीके से निर्विरोध सम्पन्न हुआ। इस चुनाव का संचालन क्षेत्रीय नेतृत्व की ओर से भेजे गए चुनाव अधिकारी राजेश पाण्डे और राजीव बाजपेई की देखरेख में किया गया। चुनाव के परिणामों में *प्रमोद कुमार मिश्रा लगातार दसवीं बार अध्यक्ष पद पर चुने गए। वहीं, आलोक कुमार अवस्थी लगातार आठवीं बार मंत्री पद के लिए निर्वाचित हुए। इसके अलावा शोभित गुप्ता को क्षेतीय प्रतिनिधि और अनिल मिश्रा को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें सुशील गुप्ता, मोहित तिवारी, वर्मा बाजपेई, देवेश गुप्ता, जनाप्न मिश्रा, कमलेश मिश्रा प्रमुख थे। सभी ने मिलकर इस चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया।

## जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे, पुल निर्माण की मांग वर्षों से



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सिंगाही खीरी। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास के सरकारी दावों के उलट मांझा से स्कूली बच्चों की तस्वीर सामने आई है। यहां नदी पर पुल नहीं होने के कारण बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार करके स्कूल जाना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चे रोज अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल जाते हैं। बच्चे नदी पार करते हुए रोज कीचड़ में सन जाते हैं. उनके कपड़े, किताबें तक भीग जाते हैं। पर बच्चे जैसे-तैसे अपना भविष्य सवांरने के लिए अपना जीवन जोखिम में डालकर स्कूल जाते हैं। स्कूली बच्चों को हर दिन स्कूल जाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्हें अपनी जान को हथेली पर रख कर नाव से बिना किसी सुरक्षा और लाइफ जैकेट के यात्रा करने वाले लोगों के मन में किसी तरह की घटना होने का भय बना रहता है। वर्षों से नदी पर पुल बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। मांझा में पठन पाठन को लेकर एक मात्र प्राथमिक विद्यालय है। यहां के छात्र पांचवीं पास करने के बाद 12वीं तक की पढ़ाई के लिए मांझा नदी पार सिंगाही के राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज, एबलान पब्लिक स्कूल जाते हैं। वहां पहुंचने को लेकर उन्हें प्रतिदिन मांझा नदी पार करनी पड़ती है।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया गया जन्मदिन, हुआ पौधरोपण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देते हुए सर्व मानव सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने अपना जन्मदिन एक अनूठे अंदाज़ में मनाया। उन्होंने ग्राम पंचायत लन्दनपुर ग्रन्ट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय, झाऊपुर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. ए.के. शुक्ला ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रतिवर्ष कम से कम दो फलदार पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और हरियाली भी सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह ने कहा, आज मनुष्य अपनी जरूरतों के चलते प्रकृति को लगातार क्षति पहुँचा रहा है। ऐसे समय में वृक्षारोपण जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।ङ्क उन्होंने यह भी बताया कि वे पूर्व में भी वृक्षारोपण करते रहे हैं और भविष्य में भी इस कार्य को निरंतर करते रहेंगे। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी के फ़ेफड़े हैं और हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। इस पौधरोपण कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, तहसील अध्यक्ष गोला अनूप कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### तालाब में उतराता मिला लापता युवती का शव

फतेहपुर चौरासी-उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व शाम को घर से शौच के लिए निकली युवती का शव दूसरे गांव के समीप स्थित तालाब में उतराता मिला। युवती का शव होने की खबर आग की तरह फैल गई, मौके ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरधाई के काली बाबा मंदिर के समीप स्थित तालाब में आज सुबह कृषकों ने एक शव उतराते देखा, तालाब में शव उतराते की खबर आग की तरह फैल गई, आस पास के गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा गई सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच, शव को पानी से बाहर निकलवाया। वहीं तालाब पर मौजूद ग्राम सरहा मजरा सरहा सकतपुर निवासी रामखेलावन एवं उनकी पत्नी जयश्री ने शव की पहचान अपनी पुत्री सोनम 19 वर्ष के रूप में की। थाना पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## धूमधाम से हुई गणेश जी की मूर्ति स्थापना भजन और पूजा-अर्चना का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मितौली खीरी। श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर कस्बा मितौली स्थित गुप्ता कॉलोनी में आदित्य गुप्ता के निज निवास पर प्रथम पूजनीय भगवान गणेशजी भगवान की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ। गत वर्षो की बात इस वर्ष भी गुप्ता कॉलोनी स्थित आदित्य गुप्ता, अमित गुप्ता के निवास पर भगवान श्री गणेश भगवान की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोचार के साथ स्थापन की गयी। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा झांकियों सहित सुंदर भजनों की प्रस्तुत की गई और महिला मंडल के द्वारा श्री गणेश भगवान के भजनों का गायन किया गया जिससे माहौल भक्ति मय हो गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गुप्ता, आचार्य राम जी पांन्डेय, अशोक गुप्ता के अलावा गोलू गुप्ता, गीता गुप्ता, गौरव गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पूजा गुप्ता, स्वातीं, बेबी, मानसी, उर्मिला, कंचन, शालू, अनीता गुप्ता, सुधाकर जायसवाल, प्रज्ञा, निधी, सतीश गुप्ता, सुमन गुप्ता, पुनीत, निखिल, कान्हा, रविका, त्रिशा, नित्या, दिव्यांशी, रूबी, पल्लवी, आशू, प्रभाकर, पवन, संहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक मांतांयें बहने एवं गणेंश परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार एवं पत्रकारों पर फ़र्ज़ी मुकदमों में फांसना आदि मुद्दों को लेकर पत्रकारों ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- एक सितम्बर को कई पत्रकार जनपद खीरी से पैदल चलकर मुख्यमंत्री योगी से करेगा भेंट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। जनपद खीरी में सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर। विभागीय अधिकारियों में जिसकी बानगी स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को चार पत्रकारों पर भारी पडा खबर संकलन को गये पत्रकारों पर फ़र्ज़ी मुकदमा लगा दिया गया एवं विभाग में किस तरह का गंदा खेल खेला जा रहा जो किसी से छुपा नहीं है लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी स्वस्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संज्ञान न लिया जाना चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जिसको लेकर पत्रकारों ने भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने के लिए जनपद खीरी से लखनऊ पैदल जाने का संकल्प लिया है,इसी क्रम में बुधवार को पत्रकारों ने ज़िला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। पत्रकारों ने बताया कि 1 सितम्बर को जिला अधिकारी कार्यालय 10 बजे,दस सदस्यीय दल टीम लखनऊ के लिए पदयात्रा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करेगा।बताते चलें ज्ञापन में जनपद खीरी में हो रहे पत्रकारों के उत्पीड़न और थोक के भाव लिखे जा रहे फर्जी मुकदमों से अब देश का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया कर्मियों/पत्रकारों को निष्पक्ष पत्रकारिता करना मुश्किल ही नहीं असंभव हो गया है। हालत यह हो गए हैं की सच्चाई उजागर करने पर दोषियों पर उनका मुंह बंद कर दिया जा रहा है। जबकि पत्रकारों के पास प्रयाप्त सबूत उपलब्ध है जिले के कई विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और सीएमओ के बड़बोलेपन भ्रष्टाचार जिला अस्पताल में अश्लील कृतों की सीडी देकर घटनाक्रम से रूबरू कराते हुए कार्यवाही किए जाने एवं पत्रकारों का उत्पीड़न रोके जाने व फर्जी मुकदमों पर रोक लगाई जाने सहित तमाम अन्य गंभीर मुद्दों पर वार्ता की जाएगी,जिले में बाढ़ राहत राशि वितरण घोटाला,तालाबों व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे में बेपटरी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था फर्जी अस्पतालों का संचालन आदि प्रमुख मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। प्रमुख मुद्दे होंगे पदयात्रा में कमल मिश्रा संपादक तराई विचार पत्रकार, राजू शुक्ला, विशाल भारद्वाज,मनोज मिश्रा, शमशेर खान, नित्यानंद बाजपेई, ज्ञान प्रकाश तिवारी ,विजय कुमार, संजय कुमार, विजय मिश्रा,शामिल होंगे।

## महिलाओं ने किया हरितालिका व्रत के दौरान भगवान शिव व पार्वती का पूजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। हरितालिका बृत का पारंपरिक तरीके से पूरे हर्षोल्लास के साथ शिव व गौरी की बालूका मई मूर्ति बनाकर लगभग चौविस घंटो से अधिक निर्जला रह कर क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने हरितालिका बृत का किया पूजन। हलाकि हरितालिका का पूजन यानि 26 अगस्त को होने के चलते महिलाओ ने ऐक दिन ही पहले से ही निराआहर रह कर अपने अपने हांथो मे मेहंदी लगाकर दूसरे दिन भी निर्जला रहकर भगवान शिव व पार्वती की बालिका मई मूर्ति को ऐक बांस की टोकरी बनाकर उनको नये नये वस्त्र धारण कराकर रात व दिन मे समय चार पहर उनकी आरती व पूजन करते हुये उन पर पुष्प,दीप,व नाना प्रकार के फल व फूल अर्पित किये व रात के भी चारो पहर जागकर भजन व कीर्तन गाकर सुवह कुमारी कन्याओ को पांच प्रकार के वस्त्र फल प्रसाद व दक्षिण प्रदान कर उनका आशीर्वाद लेकर बृत का पारण किया गया। वैसे यह बृत सभी बृतो मे उत्तम बतलाया गया है।जो पूरे भारत वर्ष मे लगभग सभी महिलाये रखती है।भगबान शिव को पार्वती ने पति रूप मे पाने के लिये इस बृत के दिन निर्जला व कठोर तपस्या कर भगवान शिव का पूजन किया था।तभी से हिन्दु धर्म मे इस दिन हरितालिका पूजन का बडा ही महत्व है।

# दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास

एजेंसी




नई दिल्ली। दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास का ऐलान कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अन्य लीग्स में खेलते रहने की बात कही है।

उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की। अश्विन ने एक्स पर लिखा, ''विशेष दिन और इसलिए विशेष शुरुआत। कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल की खोज करना का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। मैं सभी फ्रेंचाइजियों को इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सबसे जरूरी आईपीएल और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को, जिन्होंने अब तक मुझे इतना कुछ दिया है। आगे जो भी मेरे सामने है, उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं। अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 18 दिस्संबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। हालांकि, उन्होंने आईपीएल खेलना जारी रखा था। अब दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल को भी अलविदा कह दिया है। पिछले सीजन खास नहीं रहा प्रदर्शन 38 साल के अश्विन पिछले सीजन में चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम का हिस्सा थे, लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था।उन्हें आईपीएल 2025 में 9 मैचों में खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने 7 विकेट लिए थे। इसके अलावा बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने केवल 33 रन बनाए थे। अश्विन का आईपीएल में प्रदर्शनअश्विन ने सीएसके फ्रेंचाइजी से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और इसी फ्रेंचाइजी में रहते हुए उन्होंने आईपीएल करियर का अंत किया है। वह आईपीएल में सीएसके के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहे। वह पंजाब टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। अश्विन ने आईपीएल में कुल 220 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 187 विकेट हासिल किए। उनका इकोनॉमी रेट 7.2 का रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट रहा।

# दलीप ट्रॉफी की पारंपरिक प्रारूप में वापसी, खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ दांव पर

एजेंसी

बेंगलुरु। युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के मंच पर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे जब बृहस्पतिवार से लाल गेंद की इस प्रतियोगिता की अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी होगी और इसके साथ ही भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत होगी। छह क्षेत्रीय टीम 1960 के दशक में शुरू की गई इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। पिछले सत्र में जब यह प्रतियोगिता अव्यवस्थित ढंग से तैयार भारत ए, बी, सी और डी टीमों के बीच खेली गई थी तो हितधारक खुश नहीं थे और फिर उम्मीद के मुताबिक प्रतियोगिता की पुराने प्रारूप में वापसी हुई है। इस टूर्नामेंट ने पहले अधिक सुर्खियां नहीं बटोरी थी लेकिन बीसीसीआई द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं होने या चोटिल नहीं होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद यह फिर से प्रासंगिक हो गया है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल शारदुल ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं। भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह गंवा चुके अय्यर ढेरों रन बनाना चाहेंगे जबकि सरफराज के साथ भी यही स्थिति है जिन्हें हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदाज़ किया गया था। एशिया कप टी20 के लिए नहीं चुना जाना अय्यर के लिए प्रेरणा का एक अतिरिक्त स्रोत होगा जिनके बाहर होने पर राय विभाजित हैं। जायसवाल को भी उनकी कोई गलती नहीं होने के बावजूद एशिया कप टीम से बाहर कर दिया गया था। घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर भारत के लिए लाल गेंद से उनका प्रदर्शन विशेष रहा है और वह अपने सत्र की शुरुआत अच्छी पारियों से करना चाहेंगे। तिलक वर्मा की अगुवाई वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम में सभी की नजरें आर साई किशोर पर होंगी जो हाथ की चोट के कारण बुची बाबू टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। लोकेश राहुल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। देवदत्त पडिक्कल चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं और प्रभावशाली प्रदर्शन उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में जगह दिला सकता है। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह गंवा बैठे थे। पूरे इंग्लैंड दौरे के दौरान मौके का इंतजार करते रहे अभिमन्यु ईश्वरन चोटिल इशान किशन की अनुपस्थिति में पूर्वी क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे। जाहिर है कि इंग्लैंड में लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने के बाद ईश्वरन मैदान पर आकर रन बनाने के लिए बेताब होंगे। कई मौकों पर भारतीय टीम का हिस्सा होने के बावजूद ईश्वरन अभी तक पदार्पण नहीं कर पाए हैं और उन्हें घरेलू क्रिकेट में रन बनाते रहना होगा। गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शमी की लाल गेंद की फिटनेस का आकलन किया जाएगा क्योंकि चोट के कारण उन्होंने टेस्ट टीम में अपनी जगह खो दी है। यह 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे का हिस्सा नहीं था और उन्होंने पिछली बार 2023 में टेस्ट मैच खेला था। केवल लंबे स्पैल और ढेर सारे विकेट ही चयनकर्ताओं को इस कुशल गेंदबाज पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर सकते हैं जो अपने शीर्ष से आगे निकल चुका है। शुभमन गिल को उत्तर क्षेत्र की कप्तानी के लिए चुना गया था लेकिन बीमारी के कारण वह शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

## बोरुसिया डॉर्टमंड ने चेल्सी से चुक्वुएमेका के साथ किया करार

एजेंसी

बर्लिन। जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमंड ने इंग्लिश मिडफील्डर कार्नी चुक्वुएमेका को इंग्लिश प्रीमियर लीग टीम चेल्सी से स्थायी करार पर साइन करने की पुष्टि कर दी है। क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 21 वर्षीय चुक्वुएमेका ने पिछले सीजन डॉर्टमंड के लिए छह महीने लोन पर खेला था, जिसमें उनके प्रदर्शन ने प्रभावित किया। अब उन्होंने डॉर्टमंड के साथ जून 2030 तक का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, डॉर्टमंड ने यह डील करीब 25 मिलियन यूरो (लगभग 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में पूरी की है, जो पिछले सर्दियों में तय शुरुआती विकल्प से कम है। डॉर्टमंड के स्पोर्टिंग डायरेक्टर सेबेस्टियन केली ने कहा, ल्लकार्नी एक असाधारण प्रतिभा है, जिसने पिछले सीजन के दूसरे हिस्से में हमारे लिए अपनी क्षमता के कई झलक दिखाई। वह तंग हालात में फर्क ला सकता है, मिडफील्ड में रचनात्मकता देता है और हमारे खेल में एक नया आयाम जोड़ता है। चुक्वुएमेका ने 2024/25 सीजन में डॉर्टमंड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 17 मैच खेले, जिसमें फीफा क्लब विश्व कप के चार मैच भी शामिल थे। उन्होंने बुंडेसलीगा में फ्राइबर्ग के खिलाफ 4-1 की जीत में एक गोल दागा। हालांकि चोट की छोटी-छोटी समस्याओं के कारण वे अक्सर बतौर सब्स्टीट्यूट ही खेले, लेकिन कोचिंग स्टाफ ने उनकी लंबी अवधि की उपयोगिता को पहचाना। मुख्य कोच निको कोवाच इस सीजन उन्हें और ज्यादा नियमित रूप से शामिल करने की योजना बना रहे हैं। खुद चुक्वुएमेका ने भी इस करार पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, बोरुसिया डॉर्टमंड का स्थायी हिस्सा बनना शानदार अहसास है। पिछले कुछ महीनों में मैंने कोच, टीम और खासकर फैंस को करीब से जाना है। अब बीवीबी मेरा नया घर है और मैं टीम के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपना सब कुछ दूंगा।

## राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन रजत पदक, कोयल ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर बटोरीं सुर्खियां

एजेंसी



नई दिल्ली/अहमदाबाद। भारत ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दिन तीन रजत पदक जीते। बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन उपविजेता रहीं, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। ओलंपिक्स डॉट कॉम द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारत की बिंद्यारानी देवी, मुथुपंडी राजा और स्नेहा सोरेन ने कल अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीते, जबकि 17 वर्षीय कोयल बार ने युवा विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियाँ बटोरीं। बिंद्यारानी देवी ने महिलाओं के 58 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 206 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता। बयान में कहा गया है, ''उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाकर 122 किग्रा का अंतिम प्रयास विफल कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा, 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता।'' बिंद्यारानी देवी ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 में रजत पदक जीता था। पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में, मुथुपंडी राजा 296 किग्रा (128 किग्रा 168 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, जो मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन से बस थोड़ा पीछे थे, जिन्होंने 297 किग्रा (125 किग्रा 172 किग्रा) भार उठाया था। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने 292 किग्रा (127 किग्रा, 165 किग्रा) के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, 17 वर्षीय कोयल बार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह दिन कोयल बार के नाम भी रहा, जिन्होंने महिलाओं के 53 किग्रा युवा वर्ग में कुल 192 किग्रा (85 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर प्रभावित किया और कुल और क्लीन एंड जर्क में नए युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सीनियर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में, नाइजीरिया की ओमोलोला ओनोमे दीदीह ने 197 किग्रा (90 किग्रा, 107 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत की स्नेहा सोरेन ने 185 किग्रा (81 किग्रा, 104 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता। चैंपियनशिप के 30वें संस्करण में 31 देशों के 300 से अधिक भारोत्तोलक भाग ले रहे हैं।

# भारत पर ट्रंप का अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लागू 5.4 लाख करोड़ रुपये के निर्यात पर पड़ेगा असर

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गया। इस तरह भारत पर अमेरिका की ओर से लगाया गया कुल शुल्क अब 50 फीसदी हो गया है। इससे 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने सोमवार को जारी मसौदा आदेश में कहा कि बढ़े हुए शुल्क उन भारतीय उत्पादों पर लागू होंगे जो ''27 अगस्त, 2025 को पूर्वी डेलाइट समयानुसार रात 12:01 बजे या उसके बाद उपभोग के लिए प्रवेश किए गए हैं या उपभोग के लिए गोदाम से निकाले गए हैं। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 27 अगस्त से 50 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपये के निर्यात को प्रभावित कर सकता है। ट्रंप ने 07 अगस्त को ही रूसी कच्चे तेल की भारत द्वारा की जाने वाली खरीद के लिए भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 फीसदी करने की घोषणा की थी, लेकिन समझौते पर बातचीत के लिए 21 दिन का समय दिया था। भारत के समान पर 50 फीसदी टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वैलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे हो जाएंगे। इससे इनकी मांग में 70 फीसदी की कमी आ सकती है। वहीं, चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी का पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जो 7 अगस्त को लागू हुआ, जिसके बाद करीब 70 अन्य देशों पर भी टैरिफ लागू हो गया। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की ओर से रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना कर 50 फीसदी करने की घोषणा की थी।

## अमेरिकी शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के फैसलों के लिए बाधा

कोलकाता। अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं चालू वित्त वर्ष 2025-26 में पूंजीगत व्यय के फैसले में नई बाधा बन सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को यह बात कही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया। भारत पर अमेरिका द्वारा लगाया गया कुल शुल्क अब 50 प्रतिशत हो गया है। क्रिसिल ने कहा कि सरकार अब तक निवेश को बढ़ावा दे रही है, जबकि निजी कॉर्पोरेट पूंजीगत व्यय धीमा बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क लगाने से धारणा प्रभावित होने की आशंका है.. भले ही स्वस्थ कॉर्पोरेट बही-खाता नए निवेश का समर्थन कर रहा हो। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मौजूदा अनिश्चित माहौल में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) शुल्क बाधाओं को कम करके और पूर्वानुमानित व्यापार नीतियों को स्थापित करके निवेशकों का विश्वास बढ़ा सकते हैं।

## जीएसटी अधिकारियों ने अवैध तंबाकू व्यापार में 104 करोड़ रुपये की कर चोरी का किया पर्दाफाश

एजेंसी

नयी दिल्ली। जीएसटी अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 104.38 करोड़ रुपये की कर चोरी से जुड़े सिगरेट एवं पान मसाला समेत अवैध तंबाकू उत्पादों के 61 मामलों का पता लगाया है। माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) और अन्य प्राधिकारियों ने पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून की अवधि के दौरान इन मामलों का पता लगाया है। इसके अलावा, सीमा शुल्क क्षेत्रीय कार्यालयों और राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने चालू वित्त वर्ष में जून, 2025 तक लगभग 3.93 करोड़ सिगरेट जब्त की हैं। सोना, तंबाकू और शराब जैसी उच्च-मुनाफ़े वाली वस्तुओं पर भारी कर लगाया जाता है जिससे कई बार उनकी तस्करी व कर चोरी बढ़ जाती है। इनका उच्च मूल्य और निरंतर मांग इनके अवैध व्यापार का मुख्य कारण है, जिससे अकसर धन शोधन के मामले उत्पन्न होते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के पूर्व चेयरमैन और फिक्की कैस्केड के सलाहकार पी. सी. झा ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार डीआरआई, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 600 करोड़ रुपये से अधिक की तस्करी की गई सिगरेट की जब्ती किए जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा, ''सिगरेट पर कर की उच्च दर को देखते हुए, इससे होने वाली राजस्व हानि बहुत अधिक है। उच्च कर दरें कर चोरी को बढ़ावा देती हैं और इसे रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों पर भारी बोझ डालती हैं। सरकार अब जब जीएसटी को सरल बनाने की तैयारी कर रही है तो यह उच्च-मुनाफ़े वाले उत्पादों पर करों को कम करने, तस्करी को बढ़ावा देने वाले कारकों को कम करने और अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने का एक सुनहरा अवसर है।''

## अदाणी के विझिनजाम बंदरगाह ने 10 लाख टीईयू का आंकड़ा किया पार

तिरुवनंतपुरम (केरल)। वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के बाद से नौ महीने से भी कम समय में अदाणी समूह के विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह ने 10 लाख से अधिक टीईयू संभालने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईज़ेड) द्वारा संचालित बंदरगाह की उपलब्धि न केवल प्रारंभिक अनुमानों से अधिक है, बल्कि इसने भारत के समुद्री क्षेत्र को भी पुनर्परिभाषित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बंदरगाह पर आयोजित एक समारोह में केरल के बंदरगाह मंत्री वी.एन. वासवन ने कहा कि विझिंजम बंदरगाह ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के मात्र नौ महीनों के भीतर ही 10 लाख टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) का संचालन किया है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज बुधवार को गणेश चतर्थी के दिन सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये से लेकर 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 93,900 रुपये से लेकर 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 93,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राज़ील अक्टूबर में खेलेगा दक्षिण कोरिया और जापान से दोस्ताना मुकाबले

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राज़ीलियाई फ़ुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने मंगलवार को घोषणा की कि पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राज़ील अक्टूबर में दक्षिण कोरिया और जापान के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले खेलेगा। यह मैच 2026 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा होंगे। कार्यक्रम के अनुसार, ब्राज़ील 10 अक्टूबर को सियोल में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा, जबकि 14 अक्टूबर को टोक्यो में जापान से उसका सामना होगा। ब्राज़ील पहले ही 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है और अगले महीने अपने अंतिम दो क्वालिफ़ायर में चिली और बोलिविया का सामना करेगा। सीबीएफ के जनरल कोऑर्डिनेटर रोड्रिगो कैएटानो ने कहा कि ये दोस्ताना मुकाबले टीम को विभिन्न फुटबॉल शैलियों का अनुभव देंगे। उन्होंने बताया, ल्लदक्षिण कोरिया और जापान के बाद हमारा प्लान नवंबर में अफ्रीकी टीमों और मार्च तथा जून 2026 में यूरोप की शीर्ष टीमों से मुकाबला करने का है। विश्व कप से पहले अलग-अलग फुटबॉल शैलियों से मुकाबला करना हमारे लिए मूल्यवान अनुभव होगा। टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी ने भी कहा कि इन मैचों से उन्हें खिलाड़ियों की क्षमताओं और व्यक्तित्व को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। 66 वर्षीय इटालियन कोच ने मई में रियल मैड्रिड के सफल कार्यकाल के बाद ब्राज़ील की कमान संभाली थी।

### कजाखस्तान 1994 के बाद पहली बार एशिया कप हॉकी में खेलने को तैयार

**राजगीर।** कजाखस्तान की पुरुष हॉकी टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए यहां पहुंच गई है। टीम 1994 के बाद से इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रही है। येरकेबुलान द्युसेबेकोव की अगुआई में टीम मंगलवार रात यहां पहुंची जो भारतीय सरजमीं पर उनका पहला टूर्नामेंट है। कजाखस्तान 1994 में हिरोशिमा एशिया कप में पांचवें स्थान पर रहा था। उसी वर्ष टीम ने एशियाई खेलों में भी छठा स्थान हासिल किया। एफआईएच विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 81वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान को पूल ए में मेजबान भारत, जापान और चीन के साथ रखा गया है। कजाखस्तान अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद टीम 31 अगस्त को चीन से भिड़ेगी और फिर एक सितंबर को भारत के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप चरण मुकाबला खेलेगी। हॉकी इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में द्युसेबेकोव के हवाले से कहा गया, ''हम पहली बार भारत आकर बेहद उत्साहित हैं। इस देश को हॉकी का गढ़ माना जाता है और हमारे लिए ऐसे माहौल में खेलना एक बेहद खास मौका है। उन्होंने कहा, ''हमारी टीम काफी युवा है और पिछले कुछ महीनों से हमारी तैयारी इन खिलाड़ियों को आत्मविश्वास और उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन देने पर केंद्रित रही है। टीम में ऊर्जा और उत्साह शानदार है और हम हर मैच के साथ सीखने और आगे बढ़ने के लिए उत्सुक हैं। चुनौतीपूर्ण पूल के बारे में द्युसेबेकोव ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, ''भारत, जापान और चीन के साथ एक ग्रुप में होना एक कड़ी चुनौती होगी लेकिन हम इसे एशिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खुद को परखने का एक शानदार मौका मानते हैं। हमारा लक्ष्य कड़ी टक्कर देना, अनुशासन के साथ खेलना और इस बड़े मंच पर कजाखस्तान को गौरवान्वित करना है।

### कोको गॉफ और नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने मंगलवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं। गॉफ ने मैच के बाद कहा, ''यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं। दो बार की चैंपियन ओसाका को हालांकि बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेजांद्रो ताबियो को सीधे सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के 14वें वरीय टॉमी पॉल ने एल्मर मोलेर के खिलाफ 6-3, 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की।

### एआईएफएफ पर प्रतिबंध का खतरा, फीफा और एएफसी ने 30 अक्टूबर की समय-सीमा तय की

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को मंगलवार को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ द्वारा अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत बृहस्पतिवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। निलंबन का मतलब होगा कि राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और साथ ही अहमदाबाद में 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी बोली भी अनिश्चितता में पड़ जाएगी। फीफा और एएफसी ने चौबे के नेतृत्व वाले एआईएफएफ को संशोधित संविधान को मंजूरी देने के लिए उच्चतम न्यायालय से एक 'निश्चित आदेश' प्राप्त करने, इसे फीफा और एएफसी के अनिवार्य नियमों के अनुरूप बनाने और 30 अक्टूबर की समय-सीमा से पहले अगली आम सभा की बैठक में इसकी पुष्टि करने का निर्देश दिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गढ़वाल हिमालय के लिए माउंट मुकुट अभियान दल बरेली से रवाना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बरेली। गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित माउंट मुकुट (7045 मीटर) पर फतह पाने निकले पर्वतारोहण अभियान को उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने बुधवार को बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पंचशूल ब्रिगेड के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में 12वीं बटालियन जम्मू-कश्मीर राइफल्स के 15 जांबाज शामिल हैं। यह दल सितंबर मध्य तक हिमालय की दुर्गम चोटी पर चढ़ाई का प्रयास करेगा। उत्तर भारत क्षेत्र मुख्यालय, बरेली में आयोजित समारोह में जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल मिश्रा ने अभियान दल के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें सुरक्षित व सफल अभियान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान सेना के जवानों की कठोर ट्रेनिंग और अनुशासन का प्रमाण हैं। अभियान दल ने इससे पहले कुमाऊं क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण कैप्सूल पूरा किया, जिसमें फिटनेस और तकनीकी अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया गया। अब यह टीम माना की ओर प्रस्थान कर रही है, जहां से माउंट मुकुट की चढ़ाई शुरू होगी। भारतीय सेना का यह साहसिक अभियान न सिर्फ जवानों की सहनशक्ति और हौसले की मिसाल है, बल्कि 'सूर्य और हिम के योद्धाओं' की परंपरा को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# बाबा विश्वनाथ की नगरी में चहुंओर गणपति बप्पा मोरिया की गूंज, पंडालों में विराजे भगवान गणेश

- भादो मास की गणेश चतुर्थी पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश प्रतिमाएं स्थापित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी में भादो मास की गणेश चतुर्थी पर बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश की मूर्ति पंडालों में स्थापित की गई। भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर हवन पूजन के बाद उसमें प्राण प्रतिष्ठा की गई। विविध धार्मिक अनुष्ठान के बाद पंडालों का पट दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए खुल गया। उधर, अलसुबह से लोहटिया स्थित बड़ा गणेश दरबार सहित सभी गणेश मंदिरों में व्रती महिलाओं के साथ उनके परिजन भी दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे। शिव पुराण के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी को मंगलमूर्ति गणेश जी की अवतरण-तिथि मानी गई है। शास्त्रों के अनुसार इसी दिन रिद्धि सिद्धि के दाता, विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का अवतरण हुआ था। गणेश जी को समस्त देवताओ में प्रथम पूज्य देव कहा गया है। श्री गणेश जी सुख समृद्धि दाता भी हैं। इसी क्रम में ठठेरी बाजार स्थित शेरवाली कोठी में काशी मराठा गणेश उत्सव समिति की ओर से आयोजित गणेशोत्सव में पहले दिन मुम्बई के सुप्रसिद्ध लालबाग के राजा की प्रतिमूर्ति को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विराजित कराया गया। मराठा विधि से पं. धनंजय खुंटे महराज व नितिन उपाध्याय ने मंत्रोंच्चार के बीच मूर्ति स्थापित कराई। उत्सव समिति के अध्यक्ष आनंद राव सूर्यवंशी व पदाधिकारियों ने श्री गणेश भगवान का पूजन किया। प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने पूजन व महाआरती की। समिति के वरिष्ठ संरक्षक माणिक राव पाटिल, संरक्षक संतोष पाटिल, अध्यक्ष आंनद राव सूर्यवंशी, महामंत्री अन्ना मोरे, कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे ने राज्यमंत्री की अगवानी की। पंडाल में सायंकाल छह बजे से जय पाण्डेय (ग्रुप) श्री गणेश के सम्मुख जागरण की प्रस्तुति देंगे। अगस्त्यकुंडा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री गणेशोत्सव सेवा समिति की ओर से और रामघाट पर श्री वल्लभराम शालिग्राम सांग्वेद विद्यालय में गणेशोत्सव उल्लास के साथ शुरू हुआ। नूतन बालक गणेशोत्सव समाज सेवा मंडल की ओर से भी सात दिवसीय महोत्सव का आगाज हुआ। पंडालों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ पूजन आरंभ हो गया। बाल गणेश की प्राकट्य की बेला में मंदिरों में श्रृंगार, पूजन एवं आरती के विधान संपादित किए गए, वहीं विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा विविध सांस्कृतिक अनुष्ठानों के आयोजन भी आरंभ हो गए।

## एसजेपी इंफ्राकांन बिल्डर का कार्यालय सील

नोएडा। जिला प्रशासन ने मंगलवार को खरीदारों का पैसा नहीं देने वाले ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया है। बिल्डर पर करीब 4.84 करोड रुपए का रेरा का बकाया है। बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी वह पैसा जमा नहीं करवा रहा था। दादरी के उप जिलाधिकारी श्रीमती अनुज नेहरा ने बताया कि यूपी रेरा ने एसजेपी इंफ्राकॉन बिल्डर के खिलाफ 4.84 करोड रुपए की आरसी जारी की थी। रिकवरी सर्टिफिकेट जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने कई बार बिल्डर को नोटिस दिया तथा पैसा जमा करने के लिए कहा। जब बिल्डर ने पैसा नहीं जमा कराया तो मंगलवार शाम को जिला प्रशासन की टीम उसके ऑफिस पर पहुंची तथा उसके ऑफिस को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि अगर बिल्डर ने पैसे जमा नहीं की तो उसकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

# क्रशर कर्मचारियों ने फर्जी रॉयल्टी बना ले लिया लाखों का भुगतान, केस दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मामले को कर लीजिये रफा दफा
- पुलिस कर रही जांच

महोबा। पत्थर मंडी में धोखाधड़ी कर फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है जहां क्रशर कर्मी ने ही रुपये लेकर दूसरों को पट्टा संबंधी प्रपत्र बेच दिए, इसके बाद इनका गलत उपयोग कर फर्जी रॉयल्टी बनाकर कार्यदायी संस्थाओं से लाखों का भुगतान करा लिया। जिससे शासन को भी राजस्व की हानि हुई। क्रेशर स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित कर्मी सहित दो नामजद व तीन से चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जनपद मुख्यालय के मुहाल गाँधीनगर के बजरंग चौक वार्ड निवासी रामकिशोर सिंह ने बताया कि वह लगभग 40 वर्षों से खनन कार्य करा रहे हैं । वर्तमान में उनकी पत्नी सुकीर्ति सिंह के नाम ग्राम बरी में तीन पट्टे हैं जबकि ग्राम डहर्रा में उनके दो व पुत्र शिवम के नाम तीन खनन पट्टे हैं। सभी खनन पट्टों के सिक्योरिटी पेपर प्रपत्र जैसे कागजात शिवम ग्रेनाइट अलीपुरा कबरई से संचालित होते हैं जिनका पूरा लेखा जोखा कर्मचारी बिंदादीन उर्फ बिंदा कुशवाहा करता रहा है और सभी प्रपत्र भी उसी के पास है। क्रेशर स्वामी ने बताया कि बिंदादीन कुशवाहा पिछले 4 वर्षों से उनके यहां पट्टा एवं क्रेशर संबंधी प्रपत्र जैसे एमएम 11 व प्रपत्र -सी के लिए सिक्योरिटी पेपर मंगाना और रॉयल्टी जनरेट करने का आदि का कार्य करता रहा है और इसके साथ ही पट्टों का हिसाब रखता है। बताया कि क्रेशर कर्मचारी को जब कुछ संदिग्ध लोगों के साथ उठते बैठते बातचीत करते देखा और जानकारी की तो पता चला कि बिंदादीन ने हमारे पट्टों के कुछ सिक्योरिटी पेपर के कुछ बंडल संदिग्धों को दे दिए हैं पूछने पर बताया कि एक या दो बंडल सिक्योरिटी पेपर कबरई कस्बा के विशाल नगर निवासी विजय सैनी को 10 हजार रुपये में चोरी से दिए हैं। क्रेशर व्यवसायी ने बताया कि जानकारी हुई है कि आरोपित विजय सैनी का एक गिरोह सक्रिय है जोकि पट्टा धारकों के पेपर उनके स्टाफ को पैसे देकर प्राप्त करता है और फिर उनसे फर्जीवाड़ा कर करता है जिससे पट्टा स्वामी और सरकार को राजस्व की हानि होती है। 11 अगस्त को आरोपित विजय सैनी ने पेट्रोल पंप पर आकर कहा कि गलती हुई है मामले को रफा दफा कर लीजिये। बुधवार को कबरई थानाध्यक्ष सतवेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र में एक पत्थर व्यवसायी के साथ धोखाधड़ी का मामला आया है। तहरीर के आधार पर आरोपित बिंदादीन कुशवाहा , विजय सैनी व तीन से चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# नोएडा के सेक्टर 31 स्थित जर्जर फ्लैटों को तोड़कर नोएडा प्राधिकरण करेगा नवनिर्माण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नोएडा। नोएडा विकास प्राधिकरण सेक्टर 31 के सी - ब्लॉक स्थित करीब 40 साल पुराने बने जनता फ्लैट को तोड़कर दोबारा से यहां पर नए फ्लैट बनाएंगा। यहां स्थित 128 फ्लैटो को प्राधिकरण ने जर्जर घोषित कर दिया है। फ्लैटो को खाली करने के लिए प्राधिकरण वहां रहने वाले लोगों को नोटिस जारी कर रहा है। प्राधिकरण ने इन्हे तोड़कर री-डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत फिर से बनवाने का निर्णय लिया है। अगली बोर्ड बैठक में पॉलिसी को विस्तार देने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके बाद फ्लैट बनाने के लिए प्राधिकरण टेंडर जारी करेगा। नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर लोकेश एम ने बताया कि सेक्टर 31 के सी-ब्लॉक स्थित जनता फ्लैटो को प्राधिकरण ने जर्जर घोषित कर दिया है। निवासियों को फ्लैट को खाली करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि ये फ्लैट प्राधिकरण री- डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत तुड़वाकर नए तरीके से बनवाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आवंटित की गई अन्य दूसरी पुरानी सोसाइटियों का भी निरीक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो सोसाइटी 30 साल पहले प्राधिकरण द्वारा बनाकर आवंटित की गई थी और जर्जर है उनका वर्क सर्किल वं नियोजन विभाग द्वारा निरीक्षण करवा कर उनकी रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से सेक्टर 71,73, सेक्टर 66, सेक्टर 93, सेक्टर 122, सेक्टर 40 सहित विभिन्न सेक्टर में प्राधिकरण द्वारा बनाई गई सोसाइटी हैं जो 80 और 90 की दशक में बनाई गई थी। वही नोएडा प्राधिकरण द्वारा फ्लैटो को तोड़कर निर्माण करने के आदेश से वहां रहने वाले लोगों की स्थिति असमंजस में है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)
**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com

प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# विभूति फीचर्स के लेखक संदीप सृजन मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उज्जैन। साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के भव्य अलंकरण समारोह में उज्जैन के युवा साहित्यकार, पत्रकार, विनायक फीचर्स एवं विभूति फीचर्स से जुड़े लेखक संदीप सृजन को अखिल भारतीय नारदमुनि पुरस्कार 2023 (नेट/ब्लॉग पत्रकारिता के लिए) से सम्मानित किया गया। अलंकरण समारोह में सुप्रसिद्ध क्रिकेट उद्घोषक पद्मश्री सुशील दोषी, एन.पी.नामदेव संचालक संस्कृति संचालनालय तथा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने संदीप सृजन को अखिल भारतीय पुरस्कार स्वरूप मेटल प्रशस्ति पत्र के साथ शॉल, श्रीफल एवं सम्मान राशि भेंट की । म. प्र. लेखक संघ उज्जैन के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि साहित्य के क्षेत्र में इंटरनेट पत्रकारिता (नेट ब्लॉगिंग) के लिए संदीप सृजन को साहित्य अकादमी का अखिल भारतीय पुरस्कार मिलना महनीय उपलब्धि है। संदीप सृजन विगत बीस वर्षों से साहित्यिक पत्रकारिता में सक्रिय रूप से काम कर रहे है। उनके सम्पादन में शब्द प्रवाह ऑनलाइन पोर्टल, शाश्वत सृजन साहित्यिक पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है। श्री सृजन के लेख, देश विदेश की पत्र पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित होते रहते है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जनपद में थाना सेक्टर 142 पुलिस ने मंगलवार देर रात 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ कर गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से बदमाश घायल है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बुधवार को बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 142 पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये का इनामी दानिश को गिरफ्तार किया है। वह गोली से घायल हो गया। उसके खिलाफ थाना सेक्टर 142 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि इनामी बदमाश दानिश की पत्नी को अरबाज नाम का लड़का फोन करके परेशान करता था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बीती तीन जुलाई को सेक्टर 143 में पंचर की दुकान करने वाले अरबाज को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। वहीं उसे बचाने आए फैजान को भी चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दोनों का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुआ। इसमें हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। आरोपित तभी से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दानिश के खिलाफ पूर्व में भी पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# वाराणसी में गंगा ने एक माह में दूसरी बार चेतावनी बिंदु को किया पार, तटवर्ती इलाकों में पलायन शुरू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में गंगा नदी एक बार फिर रौद्र रूप धारण कर चुकी है। बीते एक माह में दूसरी बार गंगा ने चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर को पार कर गई। बुधवार सुबह 10 बजे जलस्तर 70.42 मीटर तक पहुंच गया।

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, गंगा का जलस्तर लगभग तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे की गति से लगातार बढ़ रहा है। सुबह आठ बजे जलस्तर 70.36 मीटर दर्ज किया गया था। गंगा के बढ़ते जलस्तर से सभी प्रमुख घाटों के संपर्क मार्ग और तटवर्ती मंदिर जलमग्न हो चुके हैं। मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट की गलियों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। वहीं हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह अब गलियों में ही किया जा रहा है। दशाश्वमेध घाट पर स्थित जल पुलिस चौकी पूरी तरह डूब चुकी है और शीतला मंदिर का गर्भगृह एक बार फिर जलमग्न हो गया है।

गंगा में बढ़ते जलस्तर का असर सहायक नदी वरुणा पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। वरुणा नदी भी उफान पर है, जिससे सलारपुर, सरैया, ढेलवरिया, नक्खीघाट और हुकुलगंज जैसे तटवर्ती क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा बाढ़ के पानी से घिर गया है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को कानपुर स्थित गंगा बैराज से 3.77 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जिसका प्रभाव अब वाराणसी में दिखने लगा है। आने वाले दिनों में और अधिक क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें मोटरबोट के साथ लगातार गश्त कर रही हैं। नदियों के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है और तटवर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अलर्ट करते हुए सुरक्षित स्थानों की ओर भेजा जा रहा है। कई परिवार पहले ही सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं।

## बाढ़गस्त कोनिया क्षेत्र का विधायक डॉ नीलकंठ ने नाव से लिया जायजा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। वाराणसी दक्षिण विधानसभा से विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि मां गंगा के बढ़ते जल स्तर के कारण वरुणा नदी में भी जल स्तर बढ़ गया है। जिससे कोनिया वार्ड का कुछ हिस्सा बाढ़ग्रस्त हो गया है। प्रभावित क्षेत्रों का मैंने निरीक्षण किया और हर संभव सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने नाव से कोनिया क्षेत्र के लोगों से मिलने पहुंचे और बातचीत की। उन्होंने एक-एक मकान का निरीक्षण किया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

# प्रतापगढ़ में पुलिस मुठभेड़ के दौरान पचास हजार का ईनामी गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में संग्रामगढ़ थाना अंतर्गत मंगलवार की रात पुलिस मुठभेड़ में पचास हजार रूपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ से मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ ले जाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज आशुतोष मिश्रा ने बताया कि थाना संग्रामगढ़ पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में लूट के अभियोग से संबंधित 50000 रुपये का ईनामिया अन्तर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार किया गया जो प्रयागराज जनपद का रहने वाला है। थाना संग्रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत सांडा हर्षपुर नहर पटरी के पास थाना संग्रामगढ़ पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में बदमाश के बायें पैर में गोली लगी।घायल अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गोविन्द गौतम को ईलाज हेतु सीएचसी संग्रामगढ़ ले जाया गया है, जहां से डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल प्रतापगढ़ रेफर किया गया है। कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल व पीली धातु के आभूषण बरामद किया गया है। गोविन्द गौतम पर प्रतापगढ़, प्रयागराज और भदोही में लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट मारपीट जैसे संगीन अभियोग पंजीकृत है। बीते दिनों संग्रामगढ़ वा महेशगंज थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने पुलिस टीमों का गठन किया । गठित टीमों द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी का लगातार प्रयास किया जा रहा था। बीती रात पुलिस टीम ने थाना संग्रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत सांडा हर्षपुर नहर पटरी के पास चेकिंग के दौरान बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी।

पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में लूट के अभियोग से संबंधित पचास हजार रुपए के ईनामिया अन्तर्जनपदीय बदमाश गोविन्द गौतम पुत्र शिवचरण गौतम निवासी ग्राम फरीदपुर, थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज उम्र लगभग 28 वर्ष के बायें पैर में लगी गोली।